राजस्थान का तेजी से लोकप्रिय होता अखबार | जयपुर,शनिवार, 28 फरवरी, 2026 | राज्य सरकार से विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
9461162346

**सुविचार**
किसी का अपमान करने से पहले एक बार अवश्य सोचना चाहिए, उसके स्थान पर यदि आप होते तो कैसा लगता।

# हमारा समाचार

दैनिक | वर्ष - 12 अंकः 272 | प्रातः कालीन | मूल्यः 3.00 रुपए | पृष्ठ: 8 | hamarasamachar02@gmail.com

# पहले पानी-पीकर विपक्ष को 'जमकर कोसा'.. फिर मुख्यमंत्री ने कर दी 'घोषणाओं की बौछार'!

## 1.43 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन, अतिरिक्त 1.25 लाख पदों पर नया भर्ती अभियान शुरू करने का ऐलान

## जयपुर मेट्रो के 80 किलोमीटर नए चरण को शुरू करने की घोषणा, द्रव्यवती नदी पर एलिवेटेड मार्ग की तैयारी



**वित्त एवं विनियोग विधेयक पर जवाब के दौरान नाम परिवर्तन और 1.25 लाख भर्तियों की घोषणा, माउंट आबू, जहाजपुर और कामां के नए नाम सदन में घोषित**

हमारा समाचार

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा के जारी बजट सत्र में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सदन में एक साथ कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज कर दी। वित्त एवं विनियोग विधेयक-2026 पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने जहां राज्य के तीन नगरों के नाम परिवर्तन की जानकारी दी, वहीं 1.25 लाख नए सरकारी पदों पर भर्ती की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सदन को अवगत कराया कि माउंट आबू का नाम अब आबू राज, जहाजपुर का नाम यज्ञपुर और कामां का नाम कामवन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को ध्यान में रखकर लिया गया है तथा स्थानीय जनभावनाओं का सम्मान किया गया है। नाम परिवर्तन की यह घोषणा बजट सत्र के दौरान ही सदन में की गई। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में बड़े स्तर पर रोजगार सृजन की दिशा में कदम बढ़ाते हुए 1 लाख 25 हजार नए सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू करने का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लगभग 1 लाख 43 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है और अब अतिरिक्त 1.25 लाख पदों पर भर्तियों का नया दौर शुरू किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी और समयबद्ध बनाना है ताकि युवाओं को शीघ्र अवसर मिल सकें। विधानसभा की कार्यवाही प्रश्नकाल से आरंभ हुई, जिसमें कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, नगरीय विकास और सामाजिक न्याय जैसे विभागों से जुड़े प्रश्न उठे। इसके बाद विनियोग विधेयक पर विस्तृत चर्चा हुई और मुख्यमंत्री ने विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए बजट 2026-27 को विकासोन्मुख बताया। सदन में परिवहन व्यवस्था को लेकर भी बहस हुई, जिसमें रोडवेज की वित्तीय स्थिति और संचालन पर सरकार तथा विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बजट सत्र के दौरान नाम परिवर्तन और बड़े पैमाने पर भर्तियों की घोषणा को सांस्कृतिक संदेश और रोजगार पर केंद्रित रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। विधानसभा का सत्र बजट पारित करने की प्रक्रिया के साथ-साथ इन प्रमुख घोषणाओं के कारण विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहा।

### सरकारी भर्तियों का नया कैलेंडर और रोजगार संकल्प, सामाजिक पेंशन राशि में हुई बढ़ोत्तरी

मुख्यमंत्री ने सदन में घोषणा की कि युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के अनुसार राज्य में कुल 4 लाख सरकारी नौकरियों के वादे को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए विभिन्न योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि भर्तियों की प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। सामाजिक सुरक्षा के दायरे को बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री ने पेंशन राशि में 125 रुपए की अतिरिक्त वृद्धि की घोषणा की है। इस निर्णय के बाद अब लाभार्थियों को 1425 रुपए प्रति माह की पेंशन प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम समाज के वंचित और बुजुर्ग वर्ग को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए उठाया गया है। इसके साथ ही निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए भी बड़ी घोषणा की गई है। अब निर्माण मजदूरों की मृत्यु होने पर उनके परिजनों को एकमुश्त सहायता राशि का भुगतान किया जाएगा। पूर्व में यह राशि किस्तों में मिलती थी जिससे परिवारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

### जयपुर मेट्रो विस्तार और बुनियादी ढांचा विकास पर फोकस, नए चरण के जल्द शुरू होने का ऐलान

सीएम ने 80 किलोमीटर लंबे नए चरण के कार्य को जल्द शुरू करने की घोषणा की। इसके साथ ही जयपुर में द्रव्यवती नदी पर एक एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। परिवहन सेवाओं में सुधार के लिए 300 नई रोडवेज बसें खरीदने का भी निर्णय लिया गया है। ग्रामीण कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए मिसिंग लिंक सड़कों पर 500 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च किए जाएंगे और पंचायतों को विकास कार्यों के लिए ?9200 करोड़ का आवंटन किया जाएगा। आर्थिक आंकड़ों को प्रस्तुत करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान की प्रति व्यक्ति आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और 67 लाख थी। यह लगभग 21 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। 25 लाख करोड़ तक पहुंचाना है। 6 फीसदी तक सीमित रखा गया है जो एफआरबीएम एक्ट के मानकों के अनुरूप है। पूंजीगत व्यय के लिए ?1 लाख करोड़ से अधिक का प्रावधान किया गया है ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके।

### सीएम भजनलाल शर्मा का तीखा पलटवार, कांग्रेस विधायकों पर सदन छोड़कर भागने का आरोप

एप्रोप्रिएशन बिल पर बहस के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और कहा कि विपक्ष बहस का सामना करने की बजाय सदन छोड़कर भाग गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पास बहस के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं था, इसलिए उसने सदन में ठहरने की हिम्मत नहीं दिखाई। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि कांग्रेस विधायक बहस की चुनौती से पलायन कर गए और जनता को सही जानकारी नहीं देना चाहते। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष जनता को अंधेरे में रखना चाहता है और इसलिए सार्थक बहस से बचता है। सीएम ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर अप्रत्यक्ष तौर पर निशाना साधते हुए कहा कि वे मीडिया के सामने बयान तो देते हैं, लेकिन विधानसभा में खुलकर बहस नहीं करते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को सदन में आकर सीधे मुद्दों पर बोलने की हिम्मत नहीं है। भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस में अंदरूनी मतभेद का भी जिक्र किया और कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बीच नेता प्रतिपक्ष पद को लेकर होड़ बनी हुई है, जिसका असर सदन में बहस पर भी पड़ रहा है।

**सामाजिक पेंशन में 125 रुपये वृद्धि, अब 1425 रुपये मासिक सहायता**

**निर्माण श्रमिकों के परिजनों को अब एकमुश्त सहायता राशि देने का निर्णय**

# बालोतरा में ट्रेलर से टकराई स्लीपर बस, 6 की मौत

हमारा समाचार

**बालोतरा।** राजस्थान के बालोतरा जिले से एक हृदयविदारक खबर सामने आई है, जहां नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसे ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। जिले के सरवड़ी गांव के पास एक तेज रफ्तार स्लीपर बस आगे चल रहे ट्रेलर में जा घुसी। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 6 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, जबकि दर्जनों यात्री घायल बताए जा रहे हैं। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

**बस के परखच्चे उड़े**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना भयानक था कि टक्कर की




आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। स्लीपर बस का ड्राइवर साइड वाला हिस्सा ट्रेलर से टकराने के बाद पूरी तरह से पिचक गया।

स्थिति की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हादसे के तुरंत बाद बस की खिड़कियों और क्षतिग्रस्त हिस्से से शव लटकते हुए दिखाई दिए। बस के भीतर चारों ओर खून के धब्बे और यात्रियों का सामान बिखरा पड़ा था।

**घंटों लगा रहा जाम**

हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर चीख-पुकार मच गई। जो यात्री सुरक्षित थे, वे दहशत में इधर-उधर भागने लगे। बस के मुख्य गेट के क्षतिग्रस्त होने के कारण कई सवारियों को इमरजेंसी गेट और खिड़कियों के रास्ते नीचे उतारा गया। इस भीषण एक्सीडेंट की वजह से हाईवे के दोनों ओर वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन और एंबुलेंस की टीमें मौके पर पहुँचीं। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बस में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया और तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुँचाया गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया है।

**जांच में क्या आया सामने**

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बस की रफ्तार काफी तेज थी। फिलहाल पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है और ट्रेलर ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हादसा ड्राइवर को झपकी आने की वजह से हुआ या ओवरटेकिंग के प्रयास में। स्थिति काफी गंभीर नजर आई। बस के ड्राइवर केबिन के पास शव मलबे में फंसे नजर आए। घायल यात्री सड़क किनारे बदहवास हालत में मदद का इंतजार करते दिखे।

# शनिवार को राजस्थान दौरे पर रहेंगे PM मोदी, अजमेर में 16680 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

हमारा समाचार

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल राजस्थान दौरे पर रहेंगे। इस दौरान अजमेर में 16,680 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

**शहरी विकास, सड़क और सिंचाई परियोजनाएं**

प्रधानमंत्री मोदी सुबह लगभग 11:30 बजे विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। इन परियोजनाओं में शहरी विकास, पेयजल आपूर्ति, सड़कें, सिंचाई और ऊर्जा क्षेत्र शामिल हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य मार्गों के विकास से सड़क संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। विशेष रूप से बांदीकुई से जयपुर तक चार-लेन ग्रीनफील्ड



एक्सप्रेसवे, जोधपुर में चार-लेन एलिवेटेड रोड और बारां जिले में मालबमोरी-मंगरोल-बारां राज्य राजमार्ग की आधारशिला रखी जाएगी।

**स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई पहल**

पीएम मोदी 14 वर्ष की उम्र की लड़कियों के लिए ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान की शुरुआत करेंगे। इस पहल का उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर को रोकना है, जो महिलाओं में कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है।

**पेयजल और ऊर्जा अवसंरचना**

प्रधानमंत्री मोदी स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता के तहत नोनेरा प्रमुख पेयजल परियोजना के चार पैकेज और परवान अकावाद प्रमुख पेयजल परियोजना के पांच पैकेज की आधारशिला रखेंगे। इसके साथ ही राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना को मजबूत करने और उत्पादन केंद्रों से निर्बाध पारेषण सुनिश्चित करने के लिए आरईजेड से बिजली निकासी पारेषण प्रणालियों का उद्घाटन भी किया जाएगा।

# विधायक आवास के बाहर NSUI महासचिव को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

## जयपुर के विधायक आवास के पास NSUI प्रदेश महासचिव अनिल सारण के साथ मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया

हमारा समाचार

**जयपुर।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया के प्रदेश महासचिव अनिल सारण के लिए 26 फरवरी की दोपहर किसी बुरे सपने जैसी रही. अनिल अपने काम से जयपुर स्थित विधायक आवास (बी-ब्लॉक) पहुंचे थे. वे किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी से मिलने आए थे, लेकिन उनके न मिलने पर भोपालगढ़ विधायक गीता बरवड़ के फ्लैट पर रुक गए. तभी एक अनजान वॉट्सऐप कॉल आया, जिसने अनिल को 'काम की बात' करने के बहाने नीचे बुलाया. अनिल को अंदाजा भी नहीं था कि नीचे उनके स्वागत के लिए फूल नहीं, बल्कि हमलावर घात लगाए बैठे हैं.



**पहले अपशब्द बोले, फिर लात-घूंसे से पीटा**

जैसे ही अनिल नीचे पहुंचे, आरोप है कि खींवसर विधायक रेवंतराम डांगा के सोशल मीडिया इंचार्ज, विधायक के पौते रवींद्र डांगा और उनके ड्राइवर समेत 8-10 लोगों ने उन्हें घेर लिया. बिना किसी बात के गाली-गलौज शुरू हुई और देखते ही देखते लात-घूंसे चलने लगे. अनिल का आरोप है कि उन्हें बेरहमी से पीटा गया. अपनी जान बचाने के लिए वे वहां से किसी तरह भागने में सफल रहे और तुरंत पुलिस को इस हमले की सूचना दी.

**FIR दर्ज, CCTV फुटेज देने की मांग**

इस पूरे मामले ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है. अनिल सारण ने न केवल ज्योति नगर थाने में नामजद FIR दर्ज करवाई है, बल्कि विधानसभा प्रशासन को भी प्रतिवेदन सौंपकर घटना स्थल के CCTV फुटेज की मांग की है. पुलिस अब उन कैमरों की तलाश में है

जो इस पूरी मारपीट की गवाही दे सकें. अगर फुटेज में मारपीट की पुष्टि होती है, तो विधायक रेवंतराम डांगा के करीबियों के लिए आने वाले दिन मुश्किलों भरे हो सकते हैं.

**खींवसर से जयपुर तक गरमाई सियासत**

नागौर के खींवसर से ताल्लुक रखने वाले अनिल और विधायक पक्ष के बीच यह विवाद अब सत्ता और संगठन के गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है. फिलहाल, ज्योति नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और यह जांच रही है कि इस हमले के पीछे कोई पुरानी रंजिश थी या यह उस वक्त पैदा हुआ कोई तात्कालिक विवाद था.



# लिपिक भर्ती-2013 प्रकरणों की जांच एसओजी से कराएंगे - पंचायती राज मंत्री

हमारा समाचार

**जयपुर।** पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार को विधान सभा में कहा कि हमारी सरकार गांवों को सशक्त बनाने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने पंचायती राज विभाग की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा के बाद जवाब देते हुए ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए कई घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीण आबादी क्षेत्र में स्थापित मंदिरों के नाम पट्टे जारी किए जाएंगे। ड्रोन सर्वे के आधार पर क्रियान्वित की जा रही है। इससे उनमें पानी, बिजली कनेक्शन सहित अवाप्त भूमि होने की परेशानियों से समाधान मिलेगा।

उन्होंने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत 13 लाख लोगों को पट्टे वितरित किए जा चुके हैं। पंचायती राज मंत्री गुरुवार को विधान सभा में पंचायती राज विभाग की (मांग संख्या-52) अनुदान मांग पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने पंचायती राज विभाग की 129 अरब 17 करोड़ 53 लाख 25 हजार रुपए की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दीं। श्री दिलावर ने कहा कि पंचायती राज के सभी कार्यालयों में प्रतिदिन सुबह राष्ट्रगीत और कार्यालय समय समाप्त होने पर राष्ट्रगान गाया जाएगा। दिलावर ने कहा कि प्रदेश के सभी गांवों को चरणबद्ध रूप से स्ट्रीट लाइट से रोशन किया जाएगा। उन्होंने गांवों की परिसम्पत्तियों को सूचीबद्ध कराकर ऑनलाइन कराने, अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने के लिए घोषणा की। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण करने वाले स्वयं हट जाए, नहीं तो राज्य सरकार बाजार मूल्य से कीमत वसूलकर अतिक्रमण हटाएगी। इसके लिए नियम बनाए जाएंगे।

गांवों के तालाब क्षेत्र में योजना बनाकर अतिक्रमण हटाते हुए सफाई कराएंगे। ग्रामीण विकास की सभी योजनाओं और निर्माण कार्यों की सूचना पोर्टल पर अपलोड की जा रही है, जिससे पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता कम आने पर संबंधितों से राशि वसूल करेंगे। गुणवत्ता के लिए पंचायत समितियों में जांच लैब क्रियाशील की जा रही हैं। उन्होंने सदन के जरिए अधिकारियों को पंचायतों में होने वाली बैठकों के बाद रजिस्टर में लिखे जाने वाले कार्यवाही विवरण का निष्कर्ष भी लिखे जाने के निर्देश दिए।

### जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतें पोर्टल पर होगी अपलोड

श्री दिलावर ने पंचायतों में नियमित जनसुनवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों को पोर्टल पर अपलोड करें, ताकि समयबद्ध निस्तारण हो सके। इसके लिए हर स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर की तरह जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी जनसुनवाई करेंगे। गांवों के विकास में बेहतर प्रदर्शन करने, नशा मुक्त और अपराध मुक्त गांव बनाने के लिए ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा।

### मांस बिक्री के लिए लेना होगा लाईसेंस

पंचायती राज मंत्री ने कहा कि नगर पालिका के नियमों की तरह अब ग्राम पंचायतों में मांस बिक्री के लिए लाईसेंस लेने होंगे। स्वास्थ्य प्रमाण पत्र के साथ कमर्शियल दुकानों में ही बिक्री करनी होगी। नियमों की अवहेलना करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीण आबादी क्षेत्र में होगा विस्तार

श्री दिलावर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी बढ़ती जा रही है। इसके लिए योजना बनाकर आबादी क्षेत्र का विस्तार करते हुए नियमानुसार पट्टे दिए जाने संबंधित घोषणा की। उन्होंने ग्राम सेवा शिविरों में प्राप्त आवेदनों का अभियान चलाकर समयबद्ध निस्तारण के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कई ग्राम पंचायत और पंचायत समितियों में बैठक बुलाकर स्थगित कर दी जाती है। अब प्रधान और सरपंच की अनुपस्थिति में उप प्रधान या वरिष्ठ सदस्य अध्यक्षता करते हुए बैठक तय समय पर ही आयोजित करेंगे।

### लिपिक भर्ती की जांच एसओजी से कराएंगे

पंचायती राज मंत्री ने कहा कि लिपिक भर्ती-2013 में भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। फर्जी अनुभव और अंकतालिता के प्रकरण भी देखने को मिले हैं। साथ ही, कई अधिकारियों द्वारा इस सम्बंध में रिपोर्ट भी प्रस्तुत नहीं की जा रही है, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करेंगे। श्री दिलावर ने सदन में एसओजी से इस प्रकरण की जांच कराने के लिए घोषणा की।

### माह में 4 बार रात्रि चौपाल विश्राम करेंगे अधिकारी

श्री दिलावर ने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को हर माह में 4 बार गांवों में जाकर रात्रि चौपाल करने और रात्रि विश्राम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी गांवों में नहीं जाएंगे, उनके वाहन वापस लेकर पूल में जमा करा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब अधिकारी अपने क्षेत्र के अलावा दूसरे अधिकारियों के क्षेत्र में जाकर भी निरीक्षण कर सकेंगे।

### भारत निर्मित वस्तुओं का ही इस्तेमाल अनिवार्य

पंचायती राज मंत्री ने अपने विभागीय कार्यालयों में भारत निर्मित वस्तुओं के इस्तेमाल ही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विदेशी वस्तुएं मिलने पर संबंधित अधिकारी से वसूली करेंगे। अतिआवश्यक होने पर ही बाहर की वस्तुओं में छूट रहेगी।

### गांवों में भी कचरा लेने आएंगे वाहन

श्री दिलावर ने कहा कि गांवों में स्वच्छता के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए अब शहरों की तरह गांवों में वाहनों से घर-घर कचरा एकत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि देश में पहली बार राजस्थान में बीएसआर दर पर ऐसे कार्य कराए जाएंगे। श्री दिलावर ने कहा कि अब 2 लाख रुपए तक का पट्टा नीलामी के जरिए ग्राम पंचायत दे सकेगी। साथ ही, 5 लाख रुपए तक के मामलों में पंचायत समिति, 10 लाख रुपए तक के लिए जिला परिषद, 15 लाख रुपए तक के लिए संभागीय आयुक्त और 15 लाख से अधिक के मामलों में राज्य सरकार का अनुमोदन आवश्यक होगा।

### गौवंश के लिए बनाएंगे आश्रय स्थल

पंचायती राज मंत्री ने कहा कि पंचायत समिति स्तर पर 20 हैक्टेयर क्षेत्र में गौवंश के लिए आश्रय स्थल बनाए जाएंगे। उनके लिए तालाब बनाने के साथ पौधारोपण किया जाएगा। इसमें 400 करोड़ रुपए की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास में किसी भी प्रकार से समझौता नहीं किया जाएगा।

# दो वर्ष में 40 नवीन राजकीय छात्रावास खोले गए, मैस भत्ता 2500 से बढ़ाकर किया 3250 रुपये - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री

हमारा समाचार

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा 2 वर्ष के कार्यकाल में 40 नवीन छात्रावास खोलने के लिए घोषणा की गई। इनमें से 36 छात्रावासों का निर्माण कार्य प्रगतिरत है।

शेष 4 के लिए वित्तीय स्वीकृतियां जारी हो चुकी हैं। गहलोत ने कहा कि बजट वर्ष 2025-26 में 10 तथा बजट वर्ष 2026-27 में 12 सहित कुल 22 नकारा या भवन विहीन छात्रावासों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, शीघ्र ही कार्य पूर्ण कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में छात्रावासों का मैस भत्ता 2500 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये और वर्ष 2025-26 में बढ़ाकर 3250 रुपये कर दिया गया। वर्तमान में प्रति छात्र 3250 रुपये प्रति माह मैस भत्ता दिया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य देवी सिंह शेखावत द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र बानसूर के नवगठित नगरपालिका नारायणपुर में विभाग द्वारा संचालित राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, बैरीसाल नारायणपुर में स्वीकृत क्षमता 25 से बढ़ाकर 50 सीट कर दी गई है। कई छात्रावासों के भवन अधिक क्षमता के अनुरूप निर्मित थे, लेकिन स्वीकृत सीटें कम थीं, जिन्हें अब बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के 10 अन्य छात्रावासों- राजकीय छात्रावास मसूदा (ब्यावर), राजकीय छात्रावास बीदासर (चूरू), राजकीय छात्रावास सडूबड़ी (चूरू), राजकीय छात्रावास उदयपुरवाटी (झुंझनू), राजकीय छात्रावास मुंडावर, खेतपुर (तिजारा), राजकीय छात्रावास पाटन (सीकर), राजकीय छात्रावास रायसिंह नगर (श्रीगंगानगर), राजकीय छात्रावास केसरीसिंहपुर (श्रीगंगानगर), राजकीय छात्रावास पदमपुर (श्रीगंगानगर) और राजकीय देवनारायण आवासीय छात्रावास, (भीलवाड़ा) में बजट घोषणा 2026-27 के सामान्य वाद-विवाद के दौरान स्वीकृत क्षमता में वृद्धि करते हुए कुल 170 सीटें बढ़ाई गई हैं।

इससे पहले विधायक के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र बानसूर के नवगठित नगरपालिका नारायणपुर में विभाग द्वारा संचालित राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, बैरीसाल नारायणपुर का नवीन भवन 50 बैड की क्षमता के अनुसार निर्मित किया गया है। यह छात्रावास वर्ष 1991 से किराये के भवन में 25 छात्रों की क्षमता स्वीकृत कर संचालित किया जा रहा था। इसके लिए राजकीय भवन बनाए जाने के बाद स्वीकृत संख्या बजट घोषणा 2026-27 के सामान्य वाद-विवाद के तहत उपमुख्यमंत्री, वित्त द्वारा 25 से बढ़ाकर 50 किए जाने की घोषणा की जा चुकी है।

# तहसील बावड़ी में वर्ष 2022 के फसल खराबे के लिए 16,454 काश्तकारों को 27.2 करोड़ रुपये का भुगतान - आपदा प्रबंधन मंत्री

हमारा समाचार

**जयपुर।** आपदा प्रबंधन मंत्री किरोड़ी लाल ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि विधानसभा क्षेत्र ओसियां की तहसील बावड़ी में वर्ष 2022 रबी फसलों में पाला एवं शीतलहर के कारण 33 प्रतिशत से अधिक फसल खराबा हुआ। इससे प्रभावित 17 हजार 324 काश्तकारों का डेटा डीएमआइएस (आपदा प्रबंधन सूचना प्रणाली) पोर्टल पर अपलोड किए गए हैं। इनमें से 16 हजार 928 काश्तकारों को एसडीआरएफ नोर्म्स के अनुसार 27.80 करोड़ रुपये की कृषि आदान अनुदान राशि स्वीकृत की गई थी। इस स्वीकृत राशि में से 16 हजार 454 काश्तकारों को 27.2 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 474 काश्तकारों को लगभग 70 लाख का भुगतान उनके जनाधार में बैंक विवरण अपडेट नहीं होने, काश्तकारों के पलायन करने, महिला काश्तकारों की अन्य राज्य में शादी होने एवं काश्तकारों की मृत्यु होने के कारणों से लंबित हैं। आपदा प्रबंधन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य श्री भैरा राम चौधरी द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोष कार्यालय द्वारा कृषि आदान अनुदान की राशि ईसीएस से काश्तकार के बैंक खाते में जमा होने के बाद काश्तकार की मृत्यु होती है, तो ऐसी स्थिति में यह राशि काश्तकार के विधिक वारिस को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र या नॉमिनी के अनुसार भुगतान की जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा कृषि आदान अनुदान भुगतान के लिए बिल तैयार कर कोष कार्यालय में भिजवा दिए गए हों, लेकिन काश्तकार के खाते में राशि ईसीएस होने से पूर्व उसकी मृत्यु हो जाए, तो बैंक द्वारा सम्बंधित खाते को बंद कर दिया जाता है। इससे राशि काश्तकार के खाते में जमा नहीं होकर दोबारा राजकोष कार्यालय में जमा हो जाती है। इससे पहले विधायक के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में आपदा प्रबंधन मंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा विगत 2 वर्षों में (वर्ष 2024 एवं 2025) में विधानसभा क्षेत्र ओसियां में अधिसूचित प्राकृतिक आपदाओं से किसानों द्वारा बोई गई फसलों में 33 प्रतिशत या इससे अधिक फसल खराबे से प्रभावित कुल 31 हजार 102 काश्तकारों को केंद्र सरकार द्वारा जारी एसडीआरएफ नोर्म्स अनुसार 56.91 करोड़ रुपये की कृषि आदान अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं। इसमें से 1084 काश्तकारों को कृषि आदान अनुदान भुगतान किए जाने के लिए 2.26 करोड़ रुपये के विपत्र/बिल कोष कार्यालय को भिजवाए गए हैं। इनमें ईसीएस किए जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

शेष 30 हजार 18 काश्तकारों को कृषि आदान अनुदान भुगतान के लिए 54.65 करोड़ रुपये का शीघ्र बजट आवंटन कर चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में किसानों के खातों में जमा करवाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। किरोड़ी लाल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र ओसियां में वर्ष 2023 (संवत 2080) में (तहसील बावड़ी, ओसियां एवं तिवरी) सूखे से प्रभावित 38 हजार 651 काश्तकारों के खातों मे 46.96 करोड़ रुपये की कृषि आदान अनुदान राशि जमा कराई गई है। इस अवधि के 822 काश्तकारों का जनाधार में बैंक विवरण गलत दर्ज होने के कारण कृषि आदान अनुदान भुगतान से शेष है। काश्तकारों द्वारा जनाधार में बैंक विवरण अपडेट कराने पर शीघ्र भुगतान कर दिया जाएगा। उन्होंने जानकरी दी कि अधिसूचित प्राकृतिक आपदाओं से फसलों में खराबा होने पर केंद्र सरकार द्वारा जारी एसडीआरएफ नोर्म्स के अनुसार कृषि आदान अनुदान भुगतान किया जाता है। एसडीआरएफ नोर्म्स में संशोधन भारत सरकार के स्तर पर ही किया जा सकता है। एसडीआरएफ नोर्म्स में संशोधन राज्य सरकार के स्तर पर नहीं किया जाता है। उन्होने बताया कि विधान सभा क्षेत्र ओसियां की तहसील बावड़ी खरीफ फसल वर्ष 2024 (संवत 2081) में बाढ़ से फसल खराबा होने पर 10 प्रभावित काश्तकारों की 1.11 लाख रुपये काश्तकारों के जनाधार में बैक खाता विवरण अपडेट नहीं होने के कारण भुगतान से शेष है। वर्ष 2025 (संवत 2082) में बाढ़ से फसल खराबा होने पर 9 हजार 461 काश्तकारों को कृषि आदान अनुदान भुगतान के लिए एसडीआरएफ नोर्म्स के अनुसार राशि रुपये 1223.23 लाख स्वीकृत की गई है। इसमें 1084 काश्तकारों को कृषि आदान अनुदान भुगतान के लिए 226.02 लाख रुपये की राशि के विपत्र/बिल कोष कार्यालय को भिजवा दिए गए हैं। इनमें ईसीएस किए जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। शेष 8 हजार 387 काश्तकारों को 998.32 लाख रुपये की राशि का शीघ्र बजट आवंटन कर चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में किसानों के खातों में जमा करवाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

# विधानसभा क्षेत्र उदयपुर में 8 आयुर्वेद चिकित्सालय संचालित - आयुर्वेद मंत्री

हमारा समाचार

**जयपुर ।** उपमुख्यमंत्री एवं आयुर्वेद मंत्री श्री प्रेमचंद बैरवा ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि उदयपुर में जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, मोती चोहट्टा संचालित है, जिसमें 75 बेड स्वीकृत है। वर्तमान में एक जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, मदन मोहन मालवीय महाविद्यालय, उदयपुर से सम्बन्धित है। बैरवा ने कहा कि आयुष नीति - 2021 के अनुमोदन के बाद जिला स्तर पर जिला आयुर्वेद चिकित्सालय खोलने का प्रावधान है। इस प्रावधान के अनुसार 4 जिलों में संचालित जिला आयुर्वेद चिकित्सालय को राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत निवृत जिला एकीकृत आयुष चिकित्सालय में समाहित किया गया है। बैरवा, सदस्य श्री ताराचंद जैन के पूरक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि भविष्य में गुणवगुण एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन से राशि उपलब्ध होने पर चरणबद्ध रूप से जिला आयुष चिकित्सालय बनाने पर विचार किया जाएगा। बैरवा ने सदस्य श्री जैन के मूल प्रश्न का जवाब देते हुए बताया कि विधान सभा क्षेत्र उदयपुर में कुल 08 आयुर्वेद चिकित्सालय/औषधालय संचालित है। उन्होंने आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों का चिकित्सालय/औषधालयवार विवरण सदन के पटल पर रखा।

## चोकड़ी ग्राम सेवा सहकारी समिति में हुए गबन में कार्यवाही जारी

# 43 में से 41 समितियों की ऑडिट पूर्ण - सहकारिता राज्य मंत्री

हमारा समाचार

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गोतम कुमार ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि खंडेला की चोकड़ी ग्राम सेवा सहकारी समिति में पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल के दौरान व्यवस्थापक द्वारा 1 करोड़ 10 लाख 63 हजार रुपए के गबन का मामला सामने आया। इस प्रकरण में सहकारी अधिनियम की धारा 57 के तहत कार्यवाही जारी है। उन्होंने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। धारा 57 के तहत जांच प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संबंधित दोषियों से राशि वसूली जाएगी। सहकारिता राज्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य सुभाष मील द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र खंडेला में कुल 43 ग्राम सेवा सहकारी समितियां सचालित हैं। इनमें से 41 समितियों की ऑडिट पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि जयरामपुरा एवं दादिया ग्राम सेवा सहकारी समितियों की ऑडिट 31 मार्च तक पूर्ण करा ली जाएगी। इससे पहले विधायक के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में सहकारिता राज्य मंत्री ने बताया कि वर्ष 2019 से वर्ष 2023 तक सीकर जिले की किसी भी क्रय विक्रय सहकारी समिति में गबन का प्रकरण संज्ञान में नहीं आया है। इसलिए कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।

# एमएफ सेंट्रल ने स्वतंत्र शासन व्यवस्था मजबूत की; सुप्रतिम बंद्योपाध्याय चेयरमैन और राजेश कृष्णमूर्ति सीईओ नियुक्त

हमारा समाचार

**मुंबई।** एमएफसी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने नेतृत्व स्तर पर महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की है। राजेश कृष्णमूर्ति को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और सुप्रतिम बंद्योपाध्याय को नॉन-एग्जीक्यूटिव चेयरमैन नियुक्त किया गया है। यह कदम भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड की एकीकृत डिजिटल अवसंरचना की परिकल्पना के अनुरूप, मंच को एक स्वतंत्र और निष्पक्ष उद्योग प्लेटफॉर्म के रूप में सुदृढ़ करने की दिशा में उठाया गया है। एमएफसी टेक्नोलॉजीज, कंप्यूटर एज मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड और केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का संयुक्त उपक्रम है, जिसकी स्थापना 2021 में की गई थी। इसका उद्देश्य म्यूचुअल फंड प्रक्रियाओं का मानकीकरण और डिजिटल सेवाओं का सुदृढ़ीकरण है। कृष्णमूर्ति को पूंजी बाजार में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है, जबकि बंद्योपाध्याय पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। नई संरचना के साथ, कंपनी तकनीकी एकीकरण, पारदर्शिता और उद्योग-व्यापी सुगमता को और मजबूत करेगी।

# पूर्ववर्ती सरकार में हुई अनियमितताओं की होगी निष्पक्ष जांच दोषी संवेदकों से वसूलेंगे राशि, अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई - जल संसाधन मंत्री

हमारा समाचार

**जयपुर ।** जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने शुक्रवार को विधान सभा में कहा कि परवन वृहद परियोजना कोटा, झालावाड़ और बारां जिलों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। हाड़ौती अंचल के लिए यह जीवनदायिनी बनेगी। इसके कार्यों को गुणवत्ता से पूरा कराने की दिशा में राज्य सरकार तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में परियोजना में अनियमितताएं सामने आई, जिनसे कार्यों में देरी हुई है।

रावत ने सदन में आश्वस्त किया है कि परियोजना की अनियमितताओं के प्रकरणों का परीक्षण कराकर कार्यवाही की जाएगी। इसमें संवेदक दोषी पाए जाते हैं तो वसूली करेंगे। विभागीय अधिकारी लिप्त होंगे तो उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत पूर्ववर्ती सरकार के दौरान 15 में से 1 भी गेट नहीं लगाया गया था, जबकि हमारी सरकार ने दो वर्ष में ही 14 गेट लगा दिए हैं। एक गेट भी इस वित्तीय वर्ष में लगा दिया जाएगा। जल संसाधन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य प्रमोद जैन 'भाया' द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने परवन परियोजना के कार्य में आई बाधाओं के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 से 2017 के बीच केन्द्रीय जल आयोग, वन एवं पर्यावरण की अंतिम स्वीकृति प्राप्त की जाकर एवं निविदा आमंत्रित करते हुए बांध एवं टनल का कार्यादेश जारी कर दिसम्बर 2017 से कार्य शुरू किया गया था। रावत ने बताया कि बांध की नींव की रॉक में फाल्ट लाइन आने से इसकी जांच एवं सुधारात्मक उपायों के कारण के साथ सीडब्ल्यूसी से अनुमोदन में लगभग 27 माह की देरी हुई। बांध स्थल पर नदी में 2 पहाड़ियों के बीच डायवर्जन के लिए स्थल ना होने के कारण वर्षाकाल बाद भी लम्बे समय तक जल प्रवाह रहना एवं बांध स्थल के नीचे स्थित शेरगढ़ पिकअप वीयर के बैक वाटर से बांध निर्माण कार्य प्रभावित रहा।


### तत्कालीन विधायक ने की शिकायत और वित्त विभाग की जांच में भी अनियमितताएं

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि वर्ष 2018 में तत्कालीन राज्य सरकार के समय परवन परियोजना की गति कई कारणों से बाधित रही। तत्कालीन विधायक श्री पानाचंद मेघवाल की शिकायत पर तत्कालीन मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं अधिशाषी अभियंता को 27 अक्टूबर, 2021 में निलम्बित किया गया था। उन्होंने कहा कि शिकायत में राइजिंग मैन में डीआई पाइप के स्थान पर एचडीपीई पाइप का इस्तेमाल, गलत डिजाइन एवं एचडीपीई पाइप के अनुचित मानकों के उपयोग के क्रम में आरोप लगाए गए थे। इस पर वित्त विभाग की ओर से अक्टूबर, 2021 में विशेष जांच दल गठित किया गया था, जिसमें भी परियोजना में अनियमितताएं सामने आई। उन्होंने बताया कि तत्कालीन सरकार ने स्वयं के द्वारा निलम्बित किए गए अधिकारियों को 12 जनवरी, 2022 को बहाल कर दिया गया था।

# पात्र किसानों को समयबद्ध रूप से मिल रहा तारबंदी अनुदान — कृषि मंत्री

हमारा समाचार

**जयपुर ।** कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि विधानसभा क्षेत्र सागवाड़ा में बड़ी संख्या में तारबंदी की पत्रावलियां निरस्त हुई हैं, जिसका मुख्य कारण मौके पर बताए गए खसरा का क्षेत्रफल कम होना, खसरा नंबर एक परिधि में न होना, सत्यापन से पूर्व तारबंदी का पाया जाना, आवेदक कृषक की मृत्यु हो जाना, किसानों का विभागीय निर्देशों पर तारबंदी पर सहमत न होना, किसानों में आपसी तालमेल न होना, व मापदंडों पर खरा न उतरने पर तारबंदी की पत्रावलियां निरस्त हो जाती है। साथ ही खेतों में फसल खड़ी होने के कारण इस वित्तीय वर्ष में तारबंदी करवाया जाना संभव नहीं हुआ। श्री मीणा, सदस्य शंकरलाल डेचा के पूरक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा तारबंदी की योजना का लक्ष्य मूल रूप से जंगली सूअर व नीलगायों स फसलों को बचाना है। जिसमें डेढ़ फीट की दीवार के ऊपर तारबंदी की जाती है। जिलों को वित्तीय वर्ष के आरम्भ में आबादी एवं उपलब्ध पत्रावलियों के अनुसार लक्ष्य आवंटित किए जाते हैं, जिसमें 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर फाइलों का निस्तारण किया जाता है। यदि किसी जिले में लक्ष्य से अधिक पत्रावलियां प्राप्त हो जाती है, तो अन्यत्र स्थान से अतिरिक्त लक्ष्य का आवंटन कर दिया जाता है। वित्तीय वर्ष समाप्ति पर आवेदक पत्रावलियों को अग्रेषित कर पात्र कृषकों की पत्रावलियों का आगामी वर्ष में निस्तारण कर दिया जाता है। श्री मीणा ने सदस्य श्री शंकरलाल डेचा के मूल प्रश्न का लिखित जवाब देते हुए विधान सभा क्षेत्र सागवाड़ा में विगत दो वर्षों में कृषि उपकरण, पाईप लाईन व तारबंदी हेतु किसानों द्वारा किए गए आवेदनों व अनुदान स्वीकृति का वर्षवार संख्यात्मक विवरण सदन के पटल पर रखा। श्री मीणा ने बताया कि वर्तमान में सरकार तारबंदी के लिए देय अनुदान में वृद्धि का कोई विचार नहीं रखती है। उन्होंने मूल प्रश्न का जवाब देते हुए बताया कि वर्ष 2026-27 की बजट घोषणा में सामुदायिक आधार पर 10 या 10 से अधिक कृषकों के स्थान पर समूह में न्यूनतम कृषकों की संख्या 07 कर दी गयी। उन्होंने कहा केन्द्रीय प्रवर्तित योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन-तिलहन के अंतर्गत वर्ष 2017-18 से प्रारम्भ किए गए तारबंदी कार्यक्रम में कृषकों को 400 रंनिग मीटर तक तारबन्दी स्थापित करने पर ईकाई



लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम राशि रूपये 40 हजार दिए जाने का प्रावधान था। वर्ष 2022-23 से लघु व सीमांत कृषकों को ईकाई लागत का 10 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान राज्य योजना से उपलब्ध करवाये जाने का प्रावधान किया गया एवं 2023-24 में सामुदायिक आधार पर 10 या 10 से अधिक कृषकों के समूह में न्यूनतम 5 हैक्टेयर में तारबंदी किए जाने पर प्रति कृषक अनुदान राशि ईकाई लागत का 50 प्रतिशत से बढाकर 70 प्रतिशत या अधिकतम 56 हजार रूपये किए जाने का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2025-26 में वनाधिकार पट्टा धारक कृषकों को 400 रनिंग मीटर तक तारबंदी स्थापित करने पर ईकाई लागत का 90 प्रतिशत या अधिकतम राशि 72 हजार रूपये, जो भी कम हो अनुदान दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

# एक अप्रेल, 2026 से विद्यालयों में उपलब्ध कराई जाएगी प्रयोगशाला सामग्री - शिक्षा मंत्री

हमारा समाचार

**जयपुर ।** शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि विद्यालयों की प्रयोगशालाओं में एक अप्रेल, 2026 से प्रयोगशाला सामग्री उपलब्ध कराना शुरू कर दी जाएगी। साथ ही जिन विद्यालयों में भवन उपलब्ध नहीं है, उनमें पीएबी से राशि आने पर निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी जाएगी। उन्होंने सदन में आश्वस्त किया कि रिक्त पदों को भी शीघ्र भरा जाएगा। शिक्षा मंत्री प्रश्नकाल के दौरान विधायक श्री अर्जुन लाल के पूरक प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विद्यालयों के क्रमोन्नयन के स्पष्ट नियम निर्धारित हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय को उच्च स्तर पर क्रमोन्नत करने के लिए कक्षा 8 में न्यूनतम 30 छात्रों का नामांकन, गांव की जनसंख्या कम से कम 1 हजार 500 तथा 5 किलोमीटर की परिधि में कोई अन्य उच्च माध्यमिक विद्यालय नहीं होना आवश्यक है। इन मानदंडों के अनुरूप ही प्रस्तावों पर नए विद्यालय खोलते समय विचार किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र में स्टाफिंग पैटर्न पूर्ण कर दिया जाएगा। मूल प्रश्न के लिखित उत्तर में शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र बिलाड़ा में विगत दो वर्षों में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, गुजरों व देवासियों की ढाणी देव नगर, ब्लॉक बिलाड़ा को उच्च प्राथमिक स्तर पर क्रमोन्नत किया गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत पिछले दो वर्षों में बिलाड़ा क्षेत्र में किसी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत नहीं किया गया है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत बिलाड़ा क्षेत्र में राउमावि पिचियाक में कला संकाय, राउमावि पालासनी में विज्ञान संकाय व महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खारिया मीठापुर, भटिण्डाल, बीसलपुर एवं तिलवासनी विद्यालयों में विज्ञान संकाय स्वीकृत किए गए। इनमें भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान एवं



गणित के 4-4 पद स्वीकृत किए गए हैं। तिलवासनी विद्यालय में जीव विज्ञान व्याख्याता का एक पद पदस्थापन से भर दिया गया है। दिलावर ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत क्रमोन्नत विद्यालय में 5 पदों का आवंटन किया जा चुका है। देवनगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में कुल 5 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 2 कार्यरत तथा 3 पद (1 वरिष्ठ अध्यापक व 2 लेवल-द्वितीय) रिक्त हैं। राउमावि पिचियाक और राउमावि पालासनी को स्टाफिंग पैटर्न में सम्मिलित कर व्याख्याता के 6 पद तथा 1 प्रयोगशाला सहायक का पद स्वीकृत करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

## होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित



हमारा समाचार

**कोटपूतली बहरोड़ ।** जिला मुख्यालय कोटपूतली शहर के पुतली रोड पर हंस कॉलोनी में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईष्वरीय विष्वविद्यालय के सेवा केंद्र पर गुरूवार को होली के पावन अवसर पर होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन आध्यात्मिक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी बीके लक्ष्मी बहन ने होली का आध्यात्मिक महत्व बताते हुये कहा कि होली का सच्चा संदेश हैं कि मनुष्य अपने जीवन से क्रोध, लोभ, अहंकार, ईर्ष्या जैसी बुराईयों को समाप्त कर प्रेम, शांति व सद्गुणों को धारण करें। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक जीवन अपनाने से मनुष्य का जीवन सुखी, सरल और तनावमुक्त बन सकता है। समारोह के दौरान भाई-बहनों के लिये विभिन्न प्रकार के मनोरंजक एवं प्रेरणादायक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में इत्र एवं गुलाब के फूलों से एक-दूसरे को होली की शुभकामनायें देकर स्नेहपूर्ण वातावरण में होली मनाई गई। सेवा केंद्र पर निवासरत बहनों ने भी सभी भाई-बहनों को होली की हार्दिक शुभकामनायें दीं तथा सभी के सुख, शांति एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाई-बहनों की उपस्थिति रही तथा सभी ने कार्यक्रम की सराहना की ।

## 3 मार्च होली पर्व के दिन रेलवे आरक्षण केंद्र एक पारी में ही खुलेंग

हमारा समाचार

**फुलेरा ।** उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों पर स्थित रेलवे आरक्षण कार्यालय होली पर्व पर मंगलवार 03 मार्च 2026 को एक पारी में ही खुलेंगे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पूजा मित्तल के अनुसार जयपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों पर स्थित रेलवे आरक्षण कार्यालय होली पर्व पर मंगलवार 03 मार्च 2026 को एक पारी प्रातः



08:00 बजे से दोपहर 14:00 बजे तक खुलेंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए यह सूचना अग्रिम रूप से प्रचारित की जा रही है। रेल आरक्षण से संबंधित कार्य के लिए स्टेशनों पर जाने वाले यात्रीगण उक्त समय का ध्यान रखें। यह व्यवस्था सिर्फ एक दिन के लिए रहेगी। आरक्षण चार्ट एवं करंट बुकिंग का कार्य सामान्य कार्य दिवसों की तरह यथावत रहेंगे ।

## मिसिंग लिंक रोड से ग्रामीणों की राह होगी सुगम



हमारा समाचार

**चौमूं।** भोपावास मोड से भोपावास मुख्य आबादी तक मिसिंग लिंक सड़क (1.4 किलोमीटर) का गणमान्य ग्रामीणों की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ। ग्राम भोपावास की मुख्य सड़क लंबे समय से बहुत खराब स्थिति में थी जिसका विगत दिनों ग्रामीणों द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा को अवगत करवाया गया व सड़क बनाने की मांग की गई थी। ग्रामीणों की समस्या को ध्यान में रखते हुए पूर्व विधायक ने जल्द ही सड़क का निर्माण करवाने का आश्वासन दिया था जो पूरा हो रहा है। इसके लिए पूर्व विधायक रामलाल शर्मा को ग्रामीणों ने आभार प्रकट किया। यह सड़क स्टेट हाइवे जयपुर नीमकाथाना से जयपुर सीकर नेशनल हाईवे जोड़ने वाली लिंक रोड है इससे दर्जनों गांवों को फायदा मिलेगा। इस दौरान ग्रामीण जनों में ओंकार शेरावत, महेश मीना, मोहन मीना, जितेंद्र मीना, ग्यारसी लाल शेरावत, रामधन मीना, राकेश मीना, शेष मीणा, बनवारी जाट, के के यादव , सुरेश यादव, पिंटू मीना, बाबूलाल मीना व अन्य उपस्थित रहे।

## उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति की अंतिम तिथि 31 मार्च तक बढ़ाई

हमारा समाचार

**जयपुर ।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत और अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा के निर्देश पर शैक्षणिक सत्र 2025-26 की उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 मार्च 2026 कर दी गई है। पूर्व निर्धारित तिथि 28 फरवरी थी। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार के लिए छात्र हित सर्वोपरि है और किसी भी पात्र विद्यार्थी को छात्रवृत्ति लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि शिक्षण संस्थानों के पंजीयन/नवीनीकरण, कोर्स मैपिंग, मान्यता अद्यतन एवं फीस स्ट्रक्चर अपलोड करने की प्रक्रिया को सुचारु रूप से पूर्ण करने के लिए तिथि बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश,उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश, पात्रता शर्तें एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी विभागीय वेबसाइट www.sje.rajasthan.gov.in तथा 22.sjm-snew.rajasthan.gov.in/scholarship पर उपलब्ध है। मोदी ने विद्यार्थियों एवं शिक्षण संस्थानों से निर्धारित समयावधि में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने की अपील की गई है।

## जयपुर पुलिस आयुक्त आज शनिवार को शिप्रापथ थाने में करेंगे जनसुनवाई

हमारा समाचार

**जयपुर।** पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल आज शनिवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक शिप्रापथ थाने पर उपस्थित रह कर जनसुनवाई करेंगे। इस दौरान मानसरोवर सर्किल के शिप्रापथ, मानसरोवर, मुहाना, नारायण विहार एवं पत्रकार कॉलोनी पुलिस थाने क्षेत्र के परिवादियों की जनसुनवाई की जावेगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है।

# कर्नल बैंसला व सरदार पटेल के नाम पर होंगे पनियाला मोड़ के पार्क, इतली जोहड़ की मांग उठी

हमारा समाचार



**कोटपूतली बहरोड़ ।** जिला मुख्यालय कोटपूतली शहर के विधानसभा क्षेत्र से विधायक हंसराज पटेल ने विधानसभा में कोटपूतली में निर्माणाधीन तीन सार्वजनिक पार्को का नाम लोकप्रिय किसान नेता एवं पूर्व केन्द्रिय मंत्री स्व. राजेश पायलट, गुर्जर आरक्षण आन्दोलन के प्रणेता रहे स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला व देश के प्रथम गृहमंत्री, लौह पुरूष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम से किये जाने की मांग की हैं। पटेल ने विधानसभा में स्वायत्त शासन विभाग से जुड़े नगरीय विकास एवं आवासन सम्बंधित मांगों पर चर्चा करते हुये मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा का आभार व धन्यवाद् ज्ञापित करते हुये कहा कि जयपुर- दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित पनियाला मोड़ पर कोटपूतली अम्बाला मेगा एक्सप्रैस वे एवं कोटपूतली-बड़ौदा मेव एक्सप्रैस वे जंक्शन स्थित है। जहां पर दिल्ली के धोला कुंआ की तर्ज पर तीन अलग-अलग सार्वजनिक पार्कों का निर्माण किया जा रहा हैं। अतः उक्त पार्को का नाम स्व. राजेश पायलट, स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला व सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर किये जायें। पटेल ने कस्बे की ज्वलंत ईटली जोहड़ जल भराव की समस्या की और राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुये कहा कि उक्त जोहड़ में पुरे शहर सहित राजमार्ग का पानी भरता हैं, जिससे चार-पांच ढ़ाणियों सहित आसपास के ईलाकों का जीवन बाधित हो रहा है। जिससे बेहद बुरी स्थिति बनी हुई हैं, भारी दुर्गंध के साथ- साथ निरन्तर बीमारियां पनपने का खतरा बना रहता है। उक्त पानी को नाले के जरिये करीब डेढ़ किमी स्थित सोतानाला में ले जाया जा सकता हैं। जिस पर राज्य सरकार को मात्र 4.5 से 5 करोड़ रूपयों की लागत आयेगी एवं आमजन का जीवन सुगम होगा।

पटेल ने सदन को यह भी बताया कि कांग्रेस कार्यकाल में कोटपूतली की ढ़ाणी उपली कोठी में 03 वर्ष पूर्व कचरे का डम्प बनाया गया था, जहां पर बड़ी संख्या में मक्खी-मच्छर पनपने से बीमारियों का खतरा बना रहता है। अतः उक्त डम्प को प्रस्तावित स्थान पर स्थानान्तरित किया जायें। पटेल ने बताया कि उक्त चिन्हित स्थान पर एक साईड की दीवार बन गई हैं, जबकि तीन साईड की दीवार का निर्माण लम्बित हैं। इसको लेकर सम्बंधित ठेकेदार पर 05 लाख रूपयों का जुर्माना हो गया हैं, इसके बावजूद भी ठेकेदार द्वारा सम्बंधित डम्प का निर्माण पुरा नहीं किया जा रहा हैं। अतः ठेकेदार को पाबंद कर जल्द से जल्द डम्प का निर्माण पुरा करवाया जायें। पटेल ने विधानसभा में यह भी बताया कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान कोटपूतली के पुराने नगर पालिका भवन का विक्रय कर रूपयों को खुर्द बुर्द कर दिया गया एवं मुख्य चौराहे पर नवनिर्मित बस स्टैण्ड पर कब्जा कर नगर पालिका को स्थानान्तरित कर दिया गया। ऐसे में नगर परिषद भवन का निर्माण अन्यत्र करवाकर बस स्टैण्ड के अभाव में परेशान हो रहे यात्रियों एवं जनता को राहत प्रदान करने हेतु बस स्टैण्ड का संचालन पुनः शुरू करवाया जाये।

उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण हेतु 55 लाख रूपयों की राशि स्वीकृति :- राज्य सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा विधायक हंसराज पटेल की अनुशंषा पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कोटपूतली के खेड़ा निहालपुरा ग्राम में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण हेतु 55 लाख रूपयों की राशि स्वीकृत की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पर विधायक हंसराज पटेल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इसके निर्माण से ग्रामीण जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी ।

## श्री खाटू श्याम पद यात्रियों का किया स्वागत



हमारा समाचार

**कोटपूतली बहरोड़ ।** श्री खाटू श्याम पद यात्रियों के गुरूवार को तिजारा से कोटपूतली पहुंचने पर युवा गुर्जर महासभा के जिलाध्यक्ष अंकित गुर्जर के नेतृत्व में श्रद्धालूओं द्वारा पद यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया।श्रद्धालूओं द्वारा पद यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। चांदी का रथ और चांदी की ध्वजा पदयात्रा की विशेषता रही। इस दौरान श्री श्याम समिति तिजारा के प्रबंधक पारस शर्मा, पदम खत्री समेत अन्य मौजूद रहें ।

## सैनी समाज की 12 प्रतिशत आरक्षण सहित 11 सूत्रीय मांगों के समर्थन में सैनी समाज के लोगों ने किया जयपुर कूच

हमारा समाचार



**कोटपूतली बहरोड़ ।** सैनी समाज की 12 प्रतिशत आरक्षण सहित 11 सूत्रीय मांगों के समर्थन में सैनी समाज के लोग 25 फरवरी को प्रदेशाध्यक्ष सीपी सैनी के नेतृत्व में राजधानी जयपुर में विधानसभा घेराव के लिये एकत्रित हुये। कोटपूतली से जिलाध्यक्ष बबलू बबेरवाल के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में सैनी समाज के लोगों ने जयपुर कूच किया। जनसभा में प्रधान संरक्षक देवीसहाय सैनी ने भी मांगो के समर्थन में अपने विचार व्यक्त किये। वहीं मंत्री मण्डलीय सदस्यों कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, विधायक भागचंद टांकड़ा आदि से आंदोलन की 11 सदसीय कोर कमेटी के साथ वार्ता हुई। जिसमें 12 प्रतिशत आरक्षण सहित प्रमुख मांगों पर कमेटी बनाने, लव-कुश बोर्ड को सक्रिय, महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड में नियुक्ति व अधिकार देने, फूले दम्पति को भारत रत्न देने के लिये केन्द्र को प्रस्ताव भिजवाने सहित अन्य मांगों पर सकारात्मक विचार विमर्श हुआ।

होली पर्व के बाद अधिकृत प्रतिनिधि मंडल की मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मांगों पर कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया गया। सभा में थानागाजी चेयरमैन चौथमल सैनी, विराटनगर अध्यक्ष संतोष सैनी, पावटा अध्यक्ष रामसिंह सैनी, गंगाराम सैनी, रामचंद्र सैनी, मंडी अध्यक्ष रमेश सैनी, नारायणपुर अध्यक्ष पप्पूराम सैनी, मुकेश राठी समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहें।

## सफाई कर्मचारियों ने नगर परिषद आयुक्त को सौंपा 09 सुत्रीय मांगों का ज्ञापन

हमारा समाचार

**कोटपूतली बहरोड़ ।** जिला मुख्यालय कोटपूतली शहर के अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस शहर शाखा की बैठक गुरूवार को लालचन्द वाल्मिकी की अध्यक्षता में राजमार्ग स्थित डाक बंगला प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री सफाई आयोग चैयरमैन किशनलाल जैदीया व प्रदेश मंत्री अनिल दामौनीया, पूर्व पार्षद ताराचन्द वाल्मिकी, प्रवीण कुमार वाल्मिकी, मनोज, संजय, गोपाल, अनिल, अमरनाथ, विनोद, रोहिताश आदि मौजूद रहें। क्या हैं 09 सूत्रीय मांगे :- सफाई कर्मचारियों ने 09 सूत्रीय मांगों में काफी वर्षो से कार्यरत स्थाई सफाई कर्मचारी को सिनियरटी के आधार पर पदौन्नति, स्थाई सफाई कर्मचारियों को 09, 18 व 27 का शीघ्र लाभ देने, सेवानिवृत्ति सफाई कर्मचारियों का बकाया शेष भुगतान करने, नगर निगम/परिषद में घृणित कार्य करने की वजह से कई प्रकार की बीमारियों से पीड़ित कर्मचारियों एवं मैन सड़कां पर कार्य करते समय वाहन दुर्घटनाओं में क्षतिग्रस्त कर्मचारी तथा सीवर के मैन हॉल में कार्य करते समय दुर्घटनाग्रस्त या मृत्यु हो जाने पर कम्पलसरी बीमा योजना लागू कर मृत्युपरान्त 50 लाख की राशि




स्वीकृत करने, दैनिक वेतन भोगी सफाई कर्मचारियों जिन्होंने 240 दिन की हाजरी पुरी कर ली है,ठेका सफाई श्रमिको से निर्धारित समय से अलग कार्य करवाया जाता है जिसका अलग से हार्ड ड्यूटी भत्ता दिया जाने, राज्य सरकार के नियमानुसार ठेका सफाई श्रमिकां को मानवता के आधार पर साप्ताहिक अवकाश दिया जाने, ठेका सफाई श्रमिकों को समय-समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। भुगतान हेतु हर माह की 07 तारीख से पहले माह वार भुगतान करवाया जावें तथा भुगतान में पीएफ ईएसआई 04 वर्ष से नहीं मिल रहा है, जिसका भुगतान शीघ्र करवाने की मांग की गई हैं।

# रमज़ानुल मुबारक के दूसरे जुम्मा की नमाज़ अकीदत के साथ अदा की

हमारा समाचार

**सांभरलेक।** रमज़ानुल मुबारक के दूसरे जुम्मा पर सांभरलेक की मस्जिदों में बड़ी तादाद में नमाज़ियों ने हाज़िरी दी और अकीदत व एहतराम के साथ जुम्मे की नमाज़ अदा की। सुबह से ही मस्जिदों में रौनक देखने को मिली। जाकिर कुरैशी ने बताया कि नमाज़ से पहले उलेमा और इमामों ने रोज़े की फज़ीलत, सब्र, तक़वा और इंसानियत के पैग़ाम पर रोशनी डाली। खुत्बे में इमामों ने कहा कि रमज़ान का मुबारक महीना रहमत, मग़फ़िरत और जहन्नुम से निजात का महीना है। इस पाक महीने में इबादत के साथ-साथ गरीबों और ज़रूरतमंदों की मदद करना भी बेहद अहम है। उन्होंने नमाज़ियों को सदक़ा, खैरात, ज़कात और फितरा अदा करने की ताकीद की और इसके मसाइल (धार्मिक नियम) विस्तार से बताए। इमामों ने समझाया कि ज़कात इस्लाम के अहम अरकान में से एक है और यह माल को पाक करती है। उन्होंने कहा कि अल्लाह तआला ने मालदार लोगों के माल में गरीबों का हक़ रखा है, इसलिए ज़रूरतमंदों तक उनका हक़ पहुंचाना हर साहिब-ए-निसाब मुसलमान पर फ़र्ज़ है। सदक़ा और खैरात देने से न सिर्फ़ समाज में बराबरी और हमदर्दी का जज़्बा पैदा होता है, बल्कि इंसान के माल और दौलत में बरकत भी होती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे दिखावे से बचें और खालिस नियत के साथ अल्लाह की रज़ा के लिए मदद करें। नमाज़ के बाद खास दुआ का एहतमाम किया गया, जिसमें मुल्क में अमन-चैन, तरक्की, भाईचारे और इंसानी एकता के लिए दुआएं मांगी गईं। साथ ही बीमारों की सेहत, रोज़ी में बरकत और दुनिया भर में इंसानियत की भलाई के लिए भी हाथ उठाए गए। मस्जिदों के बाहर भी आपसी मोहब्बत और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। नमाज़ियों ने एक-दूसरे को रमज़ान की मुबारकबाद दी और समाज में एकता और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। रमज़ान के दूसरे जुम्मे ने एक बार फिर यह पैग़ाम दिया कि यह महीना सिर्फ़ इबादत का ही नहीं, बल्कि इंसानियत, हमदर्दी और भाईचारे को मज़बूत करने का भी है।

## सेडेमैक मेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 4 मार्च से खुलेगा

हमारा समाचार

**नई दिल्ली।** सेडेमैक मेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार, 4 मार्च 2026 को खोलेगी, जबकि एंकर निवेशकों के लिए बोली 2 मार्च 2026 को खुलेगी। निर्गम 6 मार्च 2026 को बंद होगा। कंपनी ने ?10 अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर के लिए मूल्य दायरा ?1,287 से ?1,352 निर्धारित किया है। निवेशक न्यूनतम 11 शेयर तथा उसके बाद 11 के गुणक में बोली लगा सकेंगे। पात्र कर्मचारियों को कर्मचारी आरक्षण श्रेणी में प्रति शेयर ?128 की छूट दी जाएगी। यह निर्गम पूर्णतः विक्रय प्रस्ताव (ओएफएस) है, जिसके अंतर्गत अधिकतम 80,43,300 इक्विटी शेयर बेचे जाएंगे। कंपनी के शेयर बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।कंपनी के शेयर बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। वर्ष 2007 में स्थापित कंपनी ऑटोमोटिव और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में कंट्रोल तकनीक आधारित समाधान प्रदान करती है तथा भारत सहित अमेरिका और यूरोप के प्रमुख ओईएम को सेवाएं देती है।

# रेल मजदूर आंदोलन के प्रणेता उमरावमल पुरोहित की स्मृति में,एन डब्ल्यू आर ई यू जयपुर मंडल का युवा सम्मेलन सम्पन्न

हमारा समाचार




**फुलेरा ।** नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉइज यूनियन जयपुर मंडल का युवा सम्मेलन पूरे जोश और उत्साह के साथ अरावली क्लब जयपुर में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन का आयोजन रेल मजदूर आंदोलन के प्रणेता उमरावमल पुरोहित की पुण्य तिथि के अवसर पर उन्हें स्मरण करते हुए किया गया। उद्घाटन एआईआरएफ के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि आज देशभर में केंद्र सरकार श्रमिकों के अधिकारों को समाप्त करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि नए श्रम कोड के माध्यम से कॉर्पोरेट क्षेत्र को मजबूती और ट्रेड यूनियन और श्रमिको की ताकत को कमजोर करने की साजिश है। कामरेड मिश्रा ने कहा कि आठवें वेतन आयोग की प्रश्नावली जो आयी है उससे लगता है कि सरकार का कर्मचारियो के वेतन भत्तो में कोई विशेष बढ़ोतरी का मन नही है। लेकिन हम भरसक प्रयास करेंगे कि सभी केटेगरी के कर्मचारियो को न्याय मिले और अपने परिवार का पोषण बेहतर तरीके से करने का मार्ग प्रशस्त हो। उन्होंने कहा कि किमी भत्ता की दरो में वृद्धि, ट्रैक मेंटेनर, सुपरवाइजर, तकनीशियन सहित विभिन्न कैटेगरी की बकाया मांगो को लेकर केंद्र सरकार पर दवाब बनाना होगा। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए यूनियन के महामंत्री मुकेश माथुर ने कहा कि वर्तमान और भविष्य की चुनोतियों का सामना करने के लिए युवाओं को यूनियन की ताकत बनना होगा। उन्होंने कहा कि यदि हम एकजुट रहे और धर्म, जाति, समाज, केटेगरी के आधार पर विभाजित हुए तो सरकार अपने मकसद में कामयाब नही हो पाएगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियो को पदोन्नति के पर्याप्त अवसर मिले, उच्च ग्रेड में पदों की संख्या में वृद्धि हो, पदोन्नति संरचना में बदलाव हो, पेंशन प्रणाली सुधार आदि के लिए हम लगातार प्रयास कर रहे है। मंडल मंत्री राकेश यादव ने सभी का स्वागत करते हुए कॉन्फ्रेंस की भूमिका पर प्रकाश डाला।नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉइ यूनियन जयपुर मंडल का युवा सम्मेलन पूरे जोश और उत्साह के साथ अरावली क्लब जयपुर में सम्पन्न हुआ।कांफ्रेंस में लोकेश मेहरा, पारुल माथुर, विष्णु शर्मा, राजेश डांगी, गजानंद शर्मा, महावीर गुर्जर, राजेश चौधरी, महेंद्र पुनिया,मुंशीलाल चौधरी आदि ने विचार व्यक्त किये। मंडल अध्यक्ष के एस अहलावत ने अध्यक्षता की एवं सभी का आभार व्यक्त किया। कॉन्फ्रेंस का संचालन जोनल यूथ कॉर्डिनेटर अजय गुर्जर ने किया।इससे पहले युवा रेल कर्मचारियो की विशाल रैली निकाली गई, जो यूनियन कार्यालय से रवाना होकर,आई टी सी, रेलवे अस्पताल, जल भवन, जयपुर क्लब, गणपति नगर रेलवे कॉलोनी होते हुए कांफ्रेंस स्थल तक पहुची। रैली में राजीव सारण, मीना सक्सेना, गोपाल चौधरी, नरेन्द्र चाहर, राजेश वर्मा, अनूप शर्मा, राजेन्द्र कुमार, सुरेश ढाका, देशराज सिंह, लोकेश मीना, पदम सिंह मीणा, मुकुट सिंह, के के सेठी, प्रेम नारायण, श्याम सुंदर, शंकर सामोता, सुभाष चौधरी, तरुणा सैनी, हीरालाल सहित सैंकड़ो रेल कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल 2026 का शुभारंभ आज से

हमारा समाचार

**जयपुर।** 'लोकल से ग्लोबल' विषय के साथ राष्ट्रीय स्तर का विशाल आयोजन ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल 2026 का शुभारंभ आज 28 फरवरी से बिड़ला सभागार में होगा। फेस्टिवल के संस्थापक हिम्मत सिंह नाथावत ने बताया कि स्वास्थ्य जागरूकता और रोगों की रोकथाम को समर्पित यह अभियान अब अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुका है तथा इसका पांचवां संस्करण अब तक का सबसे बड़ा आयोजन है। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रातः 10 बजे फर्स्ट इंडिया न्यूज़ चैनल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जगदीश चंद्र कातिल करेंगे। समारोह में राहुल पचोरी, डॉ. सीता राम गुप्ता सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे।

सम्पादकीय

# भारत-अमेरिका के व्यापार समझौते की राह



अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की ओर से ट्रंप की टैरिफ नीति को अवैधानिक करार देने के उपरांत भारत और अमेरिका के बीच संभावित व्यापार वार्ता टलने के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जिस तरह यह कहा कि फिलहाल टैरिफ में बदलाव को लेकर कुछ कहना कठिन है, उससे इसे लेकर सुनिश्चित नहीं हुआ जा सकता कि अमेरिका से व्यापार समझौता कब होगा?

जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने 25 प्रतिशत टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत करने एवं रूस से तेल खरीदने के कारण लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ को खत्म करने की घोषणा की थी और उसके बाद दोनों देशों की ओर से व्यापार समझौते को लेकर संयुक्त बयान जारी किया गया था तो माना जा रहा था कि मार्च में यह समझौता हो जाएगा।

फिर मार्च के स्थान पर अप्रैल में समझौता होने की संभावना व्यक्त की गई, लेकिन अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से चिढ़े ट्रंप की ओर से सभी देशों पर पहले 10 और फिर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद व्यापार समझौते को लेकर संशय पैदा हो गया है। फिलहाल न तो यह कहा जा सकता है कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता कब होगा और न ही यह कि इस समझौते की टैरिफ दरें क्या होंगी?

यह ठीक है कि वाणिज्य मंत्रालय बदले हालात की समीक्षा कर रहा है, लेकिन बहुत कुछ ट्रंप प्रशासन के रवैये पर निर्भर करेगा, जिसके स्थिर रहने का ठिकाना नहीं। इन स्थितियों में भारत के लिए उचित यही होगा कि वह अन्य देशों से व्यापार समझौते संबंधी वार्ताओं को गति प्रदान करे। इसके अतिरिक्त ब्रिटेन, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ आदि के साथ जो व्यापार समझौते हो चुके हैं, उन्हें अंतिम रूप देने का काम यथाशीघ्र किया जाए।

यह सही है कि भारत समेत अन्य देशों के लिए अमेरिका एक बड़ा बाजार है और उसके साथ व्यापार समझौता भारतीय कारोबारियों के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था के हित में है, लेकिन भारत को अपने उत्पादों एवं सेवाओं की खपत के लिए अन्य विकल्प तलाशने का काम प्राथमिकता के आधार पर करते रहना चाहिए। इसमें इसलिए ढील देना उचित नहीं होगा कि अंततः अमेरिका से व्यापार समझौता होना ही है।

भारत के हित में यही है कि उसके उत्पादों की खपत विश्व के अधिक से अधिक देशों में हो। भारत को अपने उत्पादों के लिए अमेरिका के अतिरिक्त अन्य देशों को अनुकूल बाजार के रूप में इसलिए भी खोजना चाहिए, क्योंकि इससे ही वह ग्लोबल सप्लाई चेन में चीन के दबदबे को खत्म कर सकता है और उन देशों की आकांक्षा भी पूरी कर सकता है, जो भारत को चाइना प्लस वन रणनीति के तहत एक प्रमुख देश के रूप में देख रहे हैं। निःसंदेह यह सब तब संभव होगा, जब भारतीय कारोबारी अपने उत्पादों की गुणवत्ता और उत्पादकता विश्वस्तरीय बनाएंगे।

## दूर किए जाएं माओवाद के उभार के कारण

कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया (माओवादी) अब बिखरने की कगार पर है। यह संगठन 2012 से ही दंडकारण्य में लगातार कमजोर हो रहा था, लेकिन कुछ समय पहले उसे तगड़ा झटका लगा। अपनी कार्यनीति में बदलाव कर अगस्त 2024 से माओवादियों ने अपने आप को बचाने का प्रयास किया, परंतु वे सफल नहीं हो सके। जैसे-जैसे सुरक्षा बलों ने उनके इलाकों में सुरक्षा कैंप बढ़ाने शुरू किए, वैसे-वैसे माओवादियों को आश्रय लेने एवं विचरण करने वाले स्थलों को छोड़ना पड़ा।

मई 2025 में माओवादी पार्टी के महासचिव बसवराजू के मारे जाने और अक्टूबर 2025 में पोलित ब्यूरो सदस्य वेणुगोपाल उर्फ सोनू एवं केंद्रीय कमेटी सदस्य रूपेश द्वारा करीब 260 साथियों के साथ समर्पण करने के बाद संगठन लगभग बिखर गया। इनमें उत्तर बस्तर, पूर्व बस्तर, गढ़चिरौली और अबूझमाड़ के माओवादी थे। उनके समर्थन में गरियाबंद-धमतरी के माओवादियों ने भी आत्मसमर्पण कर दिया और दिसंबर में महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ स्पेशल जोन के प्रभारी रामदेर और सचिव कबीर ने भी अपने साथियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। लंबे समय तक मिलिट्री बटालियन का कमांडर रहा हिड़मा माडवी आंध्र में एक मुठभेड़ में मारा गया। अभी गत दिवस केंद्रीय कमेटी के देवजी और संग्राम ने भी आत्मसमर्पण कर दिया। माओवादियों की खस्ता हालत देखकर लगता नहीं कि सशस्त्र आंदोलन के पुनर्जीवित होने के कोई आसार हैं। इसलिए जरूरी है कि जहां आंदोलन खत्म हो गया या दक्षिण-पश्चिम बस्तर जहां आंदोलन काफी कमजोर है, वहां सरकार को उस खालीपन को विकास से भरने की जरूरत है, जहां माओवादी विकास में अवरोध बने हुए थे। केंद्र और राज्य की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास की नीतियों के तहत राज्य सरकारें आत्मसमर्पित माओवादियों को आवश्यक लाभ देकर उनके पुनर्वास की कार्रवाई कर रही है। सरकार की नीतियों में विश्वास कायम रखने के लिए यह जरूरी भी है, परंतु यह भी आवश्यक है कि उन सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को दूर किया जाए, जिनके कारण माओवादियों ने ग्रामीणों को अपने पक्ष में कर लिया था। इनमें से सबसे जरूरी है दूरस्थ इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता। बस्तर क्षेत्र में बहुत से आदिवासी आयरन की कमी ग्रस्त हैं और उन्हें समय पर दवाई नहीं मिल पाती। उन्हें पीने का साफ पानी भी नहीं मिलता। इसलिए जरूरी है कि ग्रामीणों के बीच मोबाइल एंबुलेंस चला कर दवाइयों का वितरण किया जाए। चूंकि अंदरूनी इलाकों में कई सुरक्षा कैंप स्थापित हैं, इसलिए प्रारंभ में इन कैंपों से ही स्वास्थ्य सेवाएं संचालित की जाएं। माओवादियों ने प्रभावित इलाकों में कई तालाब और कुएं खोदे और जमीनों का समतलीकरण कर उन्हें खेती लायक बनाने में आदिवासियों की सहायता की। इससे उन्हें काफी फायदा मिला, क्योंकि उनकी कथित जनताना सरकार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों का भला करना नहीं, बल्कि उन्हें युद्ध के लिए तैयार करना था। यही उद्देश्य सभी माओवादी गुटों का भी था, चाहे वह दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संघ हो, क्रांतिकारी आदिवासी महिला संगठन हो या चेतना नाट्यमंच। अब शासन का कर्तव्य बन जाता है कि वह ग्रामीणों को अच्छे बीज उपलब्ध कराए और सिंचाई के साधनों में सुधार करे, ताकि ग्रामीणों को पर्याप्त फसल मिल सके। तमाम आदिवासी वन-उपज पर निर्भर हैं। शासन ने तेंदूपत्ता और कई वन उपज के न्यूनतम मूल्य में वृद्धि की है, परंतु इमली, चिरौंजी और महुआ जैसी उपज के लिए बाजार उपलब्ध कराना भी जरूरी है। तीसरा महत्वपूर्ण कार्य शिक्षा के संबंध में है। माओवादियों ने कई जगहों पर क्रांतिकारी जनताना सरकार स्कूल खोलकर ग्रामीण बच्चों को वामपंथी शिक्षा दी और उन्हें शासन के विरोध में खड़ा किया और शासकीय मशीनरी के प्रति घृणा के बीज बोए। इसलिए जरूरी है कि सरकार अंदरूनी इलाकों में अधिक से अधिक आश्रम एवं स्कूल खोले, छात्रों में रोपे गए विचार बदले, ताकि वे नियमित पढ़ाई कर रोजगार के अवसर तलाश सकें। बस्तर अंचल में जो भी विकास हो, वह वहां के ग्रामीणों को केंद्र रखकर होना चाहिए।

विशेष आलेख



# नये भारत की नई PRAHAAR नीति, आतंक के हर रूप से अब ऐसे निपटेगा भारत

भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने सोमवार को देश की पहली समग्र आतंक विरोधी नीति जारी करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि अब आतंक के खिलाफ संघर्ष एक संगठित और आक्रामक ढांचे के तहत लड़ा जाएगा। इस नीति का नाम रखा गया है प्रहार। नाम ही संकेत दे रहा है कि यह नीति रक्षात्मक नहीं बल्कि प्रतिघात और प्रतिकार की सोच पर आधारित है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी दस्तावेज में साफ कहा गया है कि भारत को सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद के साथ-साथ साइबर हमलों, ड्रोन के दुरुपयोग और उभरती तकनीकों के जरिये हो रहे हमलों का भी सामना करना पड़ रहा है। दस्तावेज में यह भी उल्लेख है कि अपराधी हैकर और कुछ राष्ट्र लगातार साइबर हमलों के जरिये भारत को निशाना बना रहे हैं। यह खतरा अब केवल बंदूक और बारूद तक सीमित नहीं रहा, बल्कि की-बोर्ड, कोड और क्रिप्टो वॉलेट तक फैल चुका है।

नीति में यह रेखांकित किया गया है कि भारत जल, थल और नभ तीनों मोर्चों पर आतंकी खतरों से जूझ रहा है। बिजली, रेल, विमानन, बंदरगाह, रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की सुरक्षा क्षमता को मजबूत किया गया है ताकि राज्य और गैर राज्य तत्वों की साजिशों को विफल किया जा सके। यह स्पष्ट संकेत है कि अब आतंक के खिलाफ केवल घटनाओं के बाद कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि रणनीतिक तैयारी पहले से की जाएगी।

दस्तावेज में यह भी कहा गया है कि भारत आतंकवाद को किसी विशेष धर्म, जाति या राष्ट्रीयता से नहीं जोड़ता। लेकिन यह भी उतनी ही स्पष्टता से दर्ज किया गया है कि सीमा पार से प्रायोजित जिहादी आतंकी संगठन और उनके सहयोगी भारत के खिलाफ लगातार साजिशें रचते रहे हैं। अल कायदा और आईएसआईएस जैसे वैश्विक आतंकी संगठनों का नाम लेते हुए नीति में कहा गया है कि ये संगठन स्लीपर सेल के जरिये भारत में हिंसा भड़काने की कोशिश करते रहे हैं।

विशेष चिंता का विषय ड्रोन और रोबोटिक तकनीक का दुरुपयोग है, खासकर पंजाब और जम्मू-कश्मीर जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में। हथियार और मादक पदार्थ गिराने से लेकर आतंकी हमलों की साजिश तक, तकनीक का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। सोशल मीडिया, एन्क्रिप्शन टूल, डॉर्क वेब और क्रिप्टो वॉलेट के जरिये फंडिंग और प्रचार का नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है। नीति इस डिजिटल युद्ध को पहचानते हुए सीबीआरएनईडी यानी रासायनिक, जैविक, विकिरण, परमाणु, विस्फोटक और डिजिटल सामग्री तक आतंकी पहुंच को रोकने की चुनौती पर जोर देती है।

गृह मंत्रालय ने जांच की प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए हर स्तर पर कानूनी विशेषज्ञों को जोड़ने की सिफारिश की है ताकि एफआईआर से लेकर अभियोजन तक केस मजबूत बन सके। यह कदम आतंक के खिलाफ अदालतों में निर्णायक सजा सुनिश्चित करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

कट्टरपंथ के मुद्दे पर भी नीति स्पष्ट है। अक्सर देखने में आता है कि आतंकी संगठन भारतीय युवाओं को बरगलाने की कोशिश करते हैं। ऐसे मामलों में चरणबद्ध पुलिस प्रतिक्रिया, कानूनी कार्रवाई और पुनर्वास कार्यक्रमों का प्रावधान किया गया है। समुदाय और धार्मिक नेताओं की भूमिका को भी रेखांकित करते हुए कहा गया है कि जागरूकता और संवाद के जरिये युवाओं को भटकने से रोका जाएगा। जेलों में भी डि रेडिकलाइजेशन कार्यक्रम चलाने की बात कही गई है।

यह नीति केवल घरेलू ढांचा नहीं है। इसमें अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहयोग की भी आवश्यकता पर बल दिया गया है, क्योंकि आतंक का नेटवर्क सीमाओं से परे फैला हुआ है। विदेशी संगठन स्थानीय ढांचे और भूगोल का उपयोग कर हमले की साजिश रचते हैं। ऐसे में समन्वित वैश्विक कार्रवाई जरूरी है।

देखा जाये तो प्रहार नीति वस्तुतः उस बदले हुए भारत को दर्शाती है जो अब आतंकवाद को नियति मानकर सहने वाला राष्ट्र नहीं रहा। पिछले एक दशक में मोदी सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सीमा पार आतंकवाद का जवाब केवल कूटनीतिक नोटिस से नहीं बल्कि निर्णायक कार्रवाई से दिया जाएगा। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब यह नीति उस सोच को संस्थागत रूप दे रही है।

भारत की प्रहार नीति का सामरिक महत्व अत्यंत गहरा है। यह स्पष्ट संदेश देती है कि भारत बहु आयामी युद्ध को समझता है। आतंक अब केवल सीमा पर घुसपैठ नहीं, बल्कि साइबर स्पेस, वित्तीय नेटवर्क और वैचारिक प्रचार के जरिये भी फैलाया जाता है। प्रहार इन सभी मोर्चों पर एकीकृत प्रतिक्रिया का ढांचा प्रस्तुत करता है। साथ ही यह नीति रक्षात्मक मानसिकता से बाहर निकलकर सक्रिय प्रतिरोध और पूर्व तैयारी की रणनीति अपनाती है। इसके अलावा, यह कानून, तकनीक और समाज तीनों को एक साथ जोड़ती है।

सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार की नीति ने स्पष्ट कर दिया है कि अब धैर्य की भी सीमा है। कश्मीर में आतंकी ढांचे को तोड़ने, फंडिंग पर नकेल कसने और अलगाववादी नेटवर्क को ध्वस्त करने के कदमों ने जमीन पर असर दिखाया है। प्रहार उसी क्रम का अगला चरण है जहां आतंक के हर स्वरूप को चिन्हित कर व्यवस्थित ढंग से कुचला जाएगा।

जो लोग आतंक के खिलाफ कठोर नीति को लेकर संशय जताते हैं, उन्हें समझना चाहिए कि राष्ट्रीय सुरक्षा भावनात्मक उदारता से नहीं बल्कि कठोर निर्णयों से सुरक्षित होती है। भारत ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह किसी धर्म को आतंक से नहीं जोड़ता, लेकिन आतंक के नाम पर देश को अस्थिर करने की हर साजिश का मुंहतोड़ जवाब देगा।

बहरहाल, प्रहार नीति एक संदेश है कि नया भारत हमले का इंतजार नहीं करता, बल्कि खतरे की पहचान कर पहले ही प्रहार करता है। यही रणनीतिक परिपक्वता किसी भी उभरती शक्ति की पहचान होती है। आतंक के खिलाफ यह संगठित, आक्रामक और समन्वित दृष्टिकोण आने वाले समय में भारत की सुरक्षा संरचना को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

विशेष आलेख

# लगातार कठिन होता संसद का चलना

भारत की राजनीति आज ऐसी अवस्था में पहुंच गई है, जिसकी कल्पना नहीं की जाती थी। यह भारत के संसदीय इतिहास की अत्यंत गंभीर स्थिति है, जब लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया गया, तो उसके समानांतर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विरुद्ध सब्सटेंसिव मोशन। राहुल गांधी के विरुद्ध भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर सब्सटेंसिव मोशन लाने की मांग की है। भाजपा ने पहले राहुल गांधी के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाने की बात की थी, किंतु अब सब्सटेंसिव मोशन लाने की पहल की है। सब्सटेंसिव मोशन विशेषाधिकार हनन से ज्यादा गंभीर होता है। सब्सटेंसिव मोशन स्वतंत्र प्रस्ताव होता है, जिसमें किसी सांसद के विरुद्ध स्पष्ट निर्णय सामने आता है। इस प्रस्ताव पर बहस और मतदान होता है तथा पारित होने पर सदन का आधिकारिक रुख और मत प्रकट होता है।

यानी संबंधित सांसद का आचरण और चरित्र संसद के अनुकूल है या नहीं, उन्हें सांसद होना चाहिए या नहीं, उन्हें भविष्य में चुनाव लड़ने देना चाहिए या नहीं आदि। इसके आधार पर उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है और सदन की सदस्यता भी जा सकती है। चुनाव आयोग को उन्हें चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित करने की अनुशंसा भी की जा सकती है। जो भी हो, अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस मिलने के बाद से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में आना बंद कर दिया। अविश्वास प्रस्ताव के बाद बहस और परिणाम तक लोकसभा अध्यक्ष सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं कर सकते, लिहाजा उन्होंने यह निर्णय लिया है। यही बात किसी सांसद या विपक्ष के नेता पर लागू नहीं होती। विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव या सब्सटेंसिव मोशन स्वीकृत होने के बावजूद संबंधित सदस्य हिस्सा ले सकते हैं। उन्हें अपना पक्ष रखने का समय दिया जा सकता है।

लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर नौ मार्च को बहस होने की संभावना है। उसी दौरान यह पता चलेगा कि राहुल गांधी के खिलाफ सब्सटेंसिव मोशन स्वीकृत होता है या नहीं? चूंकि लोकसभा में भाजपा नेतृत्व वाले राजग को बहुमत है इसलिए ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव गिर जाएगा। यह बात सब्सटेंसिव मोशन पर लागू नहीं होती। बहुमत के आधार पर राजग राहुल गांधी के विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव पारित कर सकता है। हालांकि कांग्रेस में उनके समर्थकों में इससे कोई परेशानी नहीं दिखाई देती। उलटे वे यह कहते हुए प्रफुल्ल हैं कि संसद में एजेंडा तो राहुल गांधी ही सेट कर रहे हैं और अब सब्सटेंसिव मोशन के बहाने बहस भी उन्हीं के इर्द-गिर्द रहेगी। इससे सहज से अनुमान लगाया जा सकता है कि राहुल गांधी और उनके इर्द-गिर्द के रणनीतिकार किस दिशा में जा रहे हैं। अगर उनकी नजर में यही सही अर्थों में राष्ट्रीय एजेंडा निर्धारित करना है तो ऐसी कांग्रेस का भगवान ही मालिक है। राहुल गांधी अपने राष्ट्रीय दायित्वों की पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं।

लगता है कि कांग्रेस के नेता चाहते हैं कि राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई हो, ताकि लोगों में उनके प्रति सहानुभूति पैदा हो और वे इसका राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश करें, लेकिन कांग्रेस के लोग जिस तरह लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध अभियान चलाते रहे हैं उसका क्या? उनकी बेटी के सिविल सर्विस पास होने तक पर प्रश्न उठाए गए थे? कांग्रेस की महिला सांसदों द्वारा उनको लिखा गया पत्र तो और शर्मनाक है। कांग्रेस के सांसद लोकसभा अध्यक्ष के लिए ऐसी कठिन स्थिति पैदा करने की कोशिश करते हैं कि उन्हें फैसला लेने में ही समस्या हो। ओम बिरला यहां व्यक्ति नहीं लोकसभा अध्यक्ष जैसे गरिमापूर्ण पद पर हैं।

उनसे व्यक्तिगत मतभेद हो सकता है, उनसे नापसंदगी भी होगी, पर पद का सम्मान करने और विश्वास करने का प्राथमिक दायित्व भी नेता और संसद न निभाएं, तो यह शर्मनाक है। अगर राहुल गांधी के समर्थकों को लगता है कि संसद में चर्चा और बहस का एजेंडा सेट करना ही बड़ी राजनीतिक उपलब्धि है, तो कुछ दिन पहले एसआइआर एवं चुनाव आयोग के संदर्भ में भी उन्होंने ऐसी ही स्थिति पैदा की थी। उन्होंने अपनी ओर से पूरी तैयारी के साथ एसआइआर और चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा किया, बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की, लेकिन बिहार चुनाव परिणाम में उन्हें मुंह की खानी पड़ी। महाराष्ट्र चुनाव में अदाणी मुद्दा उनके लिए सर्वोपरि था, लेकिन वहां भी करारी हार हुई।

लोकसभा अध्यक्ष ने कांग्रेस के सांसदों का निलंबन तब किया, जब वे वेल में जाकर लगातार अध्यक्ष की ओर कागज फेंक रहे थे, कोई आदेश या नियमन नहीं मान रहे थे। सदन संचालन के नियम और परंपरा हैं। उन्हें रौंदने पर उतारू लोगों के विरुद्ध अध्यक्ष को फैसला करना ही पड़ेगा। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद से कांग्रेस और आक्रामक हो गई है। वह नहीं चाहती कि एक दिन भी संसद में सामान्य स्थिति रहे और सदन सुचारु रूप से चले। राहुल ने राष्ट्रपति अभिभाषण से संबंधित मुद्दे पर किसी सत्र में भाषण नहीं दिया। वह मनगढ़ंत विषय लेकर आते हैं और उसे सदन में रखते हैं तथा अध्यक्ष के रोकने पर उन्हें आरोपित करते हैं। इस तरह के व्यवहार में कोई लोकतांत्रिक रास्ता निकल नहीं सकता।

## दैनिक राशिफल

**मेष** — आज आपके किसी काम या प्रोजेक्ट में सरकार से लाभ होगा। ऑफिस में महत्वपूर्ण मुद्दों पर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। ऑफिस के कामकाज के लिए बाहर जाना होगा। कार्यभार बढ़ेगा। पारिवारिक मामले में गहरी रुचि लेकर सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। गृह सजावट का आयोजन करेंगे।

**वृषभ** — माता के साथ अधिक निकटता अनुभव करेंगे। व्यापारियों के लिए आज का दिन शुभ है। नए काम शुरू कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। विदेश में रहने वाले मित्रों या स्वजनों का समाचार आपको भाव-विभोर करेगा। लंबी दूरी की यात्रा का योग है। तीर्थ यात्रा भी संभव हो सकेगी।

**मिथुन** — बेकाबू क्रोध पर लगाम रखें। बदनामी और नकारात्मक विचारों से दूर रहना आपके हित में होगा।अत्यधिक खर्च से आर्थिक तंगी का अनुभव होगा। पारिवारिक सदस्य और ऑफिस में सहकर्मियों के साथ मनमुटाव या विवाद के प्रसंग हो सकता है। इस कारण मन खिन्न होगा। नई चिकित्सा और ऑपरेशन न कराना उचित होगा।

**कर्क** — आज का दिन सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आपके लिए लाभदायक साबित होगा। मौज-शौक के साधन, उत्तम आभूषण और वाहन की खरीदारी करेंगे। मौज-मस्ती और मनोरंजक की प्रवृत्तियों में समय व्यतीत गुजरेगा। इसके साथ ही नए व्यक्ति के साथ की रोमांचित मुलाकात से सुख का अनुभव होगा।

**सिंह** — पर्यटन की संभावना है। संदेह के बादल घिरे होने से कहीं मन नहीं लगेगा। हालांकि घर में शांति का वातावरण होगा। दैनिक कामों में थोड़ा अवरोध आएगा। अधिक परिश्रम के बाद अधिकारियों के साथ वाद- विवाद में न पड़ें। परिवार को समय दें। व्यापार को बढ़ाने की कोई नीति आज काम नहीं करेगी।

**कन्या** — आज का दिन चिंता और उद्वेग से परिपूर्ण होगा। पेट की गड़बड़ी से स्वास्थ्य खराब होगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई में अवरोध आएगा। अचानक धन खर्च होगा। बौद्धिक चर्चाएं और समझौते में असफलता मिलेगी। प्रिय व्यक्ति के साथ मिलाप होगा। नए लोगों से मुलाकात सुखद रहेगी। शेयर- सट्टे से दूर रहें।

**तुला** — आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। इस कारण मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। माता के स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतें। यात्रा के लिए अभी समय अनुकूल नहीं है। पारिवारिक और जमीन-जायदाद से संबंधित चर्चाओं में सावधानी रखने की आवश्यकता है, वरना नुकसान हो सकता है।

**वृश्चिक** — कार्य सफलता, आर्थिक लाभ और भाग्यवृद्धि के लिए अच्छा दिन है। नए काम की शुरुआत भी कर सकते हैं। भाई- बंधुओं का व्यवहार आज अधिक सहयोगपूर्ण और प्रेमपूर्ण रहेगा। विरोधियों को परास्त कर सकेंगे। प्रिय व्यक्ति के साथ मिलन होने से मन में आनंद का अनुभव होगा। कोई छोटी यात्रा होगी।

**धनु** — आज स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। दुविधायुक्त मनः स्थिति और उलझे हुए पारिवारिक वातावरण के कारण आप परेशानी का अनुभव करेंगे। निरर्थक धन खर्च होगा। काम पूरा होने में विलंब होगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेना हितकर नहीं है। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमी टालने का प्रयास करें।

**मकर** — दूर बसने वाले मित्र या स्नेहियों से मुलाकात होगी। ईश्वर के नाम के स्मरण से आपके दिन का शुभारंभ होगा। धार्मिक कार्य और पूजा पाठ होंगे। गृहस्थ जीवन में आनंदमय वातावरण रहेगा। आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। मित्रों, सगे संबंधियों की तरफ से अनुकूल अवसर मिलेंगे।

**कुंभ** — शारीरिक, मानसिक रूप से प्रफुल्लित रहेंगे। नौकरी व्यवसाय में भी अनुकूल परिस्थिति रहेगी। दांपत्य जीवन में आनंद का अनुभव होगा। दुर्घटनाओं से सावधान रहें। आज किसी की जमानत लेना। आर्थिक लेन-देन न करना उचित होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं होगा।

**मीन** — स्वजनों के साथ मतभेद उत्पन्न होंगे। किसी का हित करने में स्वयं परेशानी में पड़ जाने की आशंका है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। मानहानि हो सकती है। सामाजिक कामों या समारोहों में भाग लेने का अवसर आएगा। मित्रों-स्नेहीजनों के साथ की मुलाकात मन को खुशी देगी। सुंदर स्थान पर पर्यटन का आयोजन होगा।

# The Kerala Story 2 में रेप और किसिंग सीन पर चली सेंसर की कैंची, 16 कट के साथ मेकर्स को दी ये हिदायत

**विवादित और नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली 2023 की फिल्म द केरल स्टोरी का सीक्वल, पिछले हफ्ते रिलीज हुए अपने ट्रेलर के बाद से ही चर्चा में है। मंगलवार को केरल हाई कोर्ट ने मेकर्स को शुक्रवार को रिलीज होने से पहले कोच्चि में फिल्म की स्क्रीनिंग अरेंज करने का ऑर्डर दिया। कोर्ट केरल और उसके लोगों को बदनाम करने और स्टीरियोटाइप करने के आरोपों पर फिल्म का सेंसर सर्टिफिकेट कैंसिल करने के खिलाफ एक पिटीशन पर सुनवाई कर रहा था।**

### फिल्म में लगाए गए 16 कट

द केरला स्टोरी 2, जिसका रनिंग टाइम 131 मिनट और 24 सेकंड है जिसमें सेंसर बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने 16 बदलाव सुझाए थे। फिल्म को सेंसर बोर्ड ने /A और 16+ सर्टिफिकेट दिया था। 16 एडिट्स में, जरूरी बदलावों में महिलाओं को थप्पड़ मारते, मारते और रेप करते हुए दिखाने वाले विजुअल्स को ओरिजिनल का 50% तक कम करना शामिल है। मेकर्स से लिप-लॉकिंग सीन को ओरिजिनल टाइम ड्यूरेशन से आधा करने के लिए भी कहा गया था।

### मेकर्स को दी ये हिदायत

महिलाओं के सिर पर हाथ मारने के विजुअल भी सेंसर की जांच के दायरे में आए हैं। मेकर्स से यह भी कहा गया है कि वे एक डिस्क्लेमर जोड़ें कि कहानी सच्ची घटनाओं पर आधारित है। दूसरे बदलावों के अलावा, बुलडोजर से आरोपी के घर को गिराने के विजुअल भी बदले गए हैं। कई डायलॉग बदले गए और शब्दों को म्यूट कर दिया गया।

### फिल्म के कंटेंट पर उठाए गए थे सवाल

केरल के एक 26 साल के बायोलॉजिस्ट ने द केरल स्टोरी 2 के खिलाफ केरल हाई कोर्ट में अर्जी दी। खुद को मलयाली ब्राह्मण बताते हुए, श्रीदेव नंबूदरी ने सीक्वल के कंटेंट और टाइटल दोनों पर सवाल उठाए, यह तर्क देते हुए कि यह केरल और उसके लोगों को गलत तरीके से टारगेट करता है।

पिटीशनर ने आरोप लगाया कि बिना किसी आधार के पूरे राज्य को बदनाम करने वाले दुर्भावनापूर्ण और घिसी-पिटी बातें कही जा रही हैं। याचिका के मुताबिक, फिल्म का ट्रेलर देखने से पता चलता है कि कहानी तीन अलग-अलग राज्यों की महिलाओं पर आधारित है और मुख्य रूप से भारत के उत्तरी हिस्से




में होती है। फिर भी, टाइटल और सीन राज्य को गलत तरीके से दिखाने की कोशिश करते हैं।

फिल्म केरल और केरल के लोगों को बाकी भारत से अलग-थलग करने की कोशिश करती है, जबकि केरल के लोग भारत और दुनिया भर में काम करते हैं, भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान देते हैं और भारत के दूसरे हिस्सों से आए कई प्रवासी कामगारों को रहने की जगह और नौकरी देते हैं।

### मेकर्स ने वापस लिया फिल्म का टीजर

केरल हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान, जस्टिस बेचू कुरियन ने कहा कि केरल के लोगों की द केरल स्टोरी 2 को लेकर चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कोर्ट के आदेश के बाद, द केरल स्टोरी 2 के मेकर्स ने कहा है कि वे फिल्म का टीजर वापस ले रहे हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन द्वारा इसकी आलोचना करने और इसे झूठा प्रोपेगैंडा कहने के बाद फिल्म पर ऑनलाइन बहस छिड़ गई। डायरेक्टर अनुराग कश्यप और एक्टर प्रकाश राज ने द केरल स्टोरी के डायरेक्टर कामाख्या नारायण सिंह पर निशाना साधा, जिन्होंने उनके विचारों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।

### कब रिलीज होगी फिल्म

विपुल अमृतलाल शाह द्वारा प्रोड्यूस और आशिन ए. शाह द्वारा को-प्रोड्यूस की गई सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले आने वाली इस फिल्म में जबरन धर्म परिवर्तन को दिखाने के आरोप को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। फिल्म शुक्रवार, 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# 13 साल की उम्र में पर्दे पर बनी मां... 6 दशक तक सिनेमा में किया राज... रहस्यमयी रही एक्ट्रेस की मौत

8 साल पहले आज ही के दिन सिनेमा जगत की एक मशहूर अभिनेत्री ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। उनकी मौत बड़ी ही रहस्यमयी रही थी। करीब 6 दशकों तक बतौर एक्ट्रेस इंडस्ट्री में राज करने वाली इस हसीना ने महज 13 साल की उम्र में बड़े पर्दे पर मां की भूमिका निभाकर हर किसी को हैरान कर दिया था।

ऐसे में आइए जानते हैं कि यहां कौन सी अदाकारा के बारे में जिक्र किया जा रहा है, जो साउथ से लेकर हिंदी सिनेमा तक लेडी सुपरस्टार के तौर पर जानी गईं।

### लेडी सुपरस्टार की डेथ एनिवर्सरी

जिस अभिनेत्री के बारे में इस लेख में जिक्र किया जा रहा है, उसे सिनेमा की चांदनी कहा जाता था। अब तो आप समझ ही गए होंगे कि यहां बात वेटरन एक्ट्रेस श्रीदेवी के बारे में की जा रही है।

24 फरवरी 2018 को श्रीदेवी का निधन हुआ था। दुबई के एक होटल के बाथरूम में बाथटब में डूबने से हुई थी। उनकी मौत भी काफी रहस्यमयी रही, पति बोनी कपूर ने बताया था अत्यधिक डाइटिंग की वजह से उनका देहांत हुआ था।

### 6 दशक तक सिनेमा जगत में किया राज

श्रीदेवी मूलरूप से साउथ सिनेमा से नाता रखती थीं। हिंदी सिनेमा में डेब्यू से पहले उन्होंने साउथ सिनेमा की मूवीज में अपना जलवा बिखेरा था। इस दौरान कई दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम किया, जिनकी डिटेल्स इस प्रकार है-

**तेलुगु मूवीज**- 103
**तमिल मूवीज**- 84
**हिंदी मूवीज**- 84
**मलयालम मूवीज**- 24
**कन्नड़ मूवीज**- 5


इस तरह से बतौर एक्ट्रेस श्रीदेवी ने अपने 6 दशक से लंबे फिल्मी करियर में करीब 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया था। उनकी लोकप्रिय हिंदी मूवीज के बारे में जिक्र किया जाए तो उनमें तोहफा, नागिना, निगाहें, मिस्टर इंडिया, चालबाज, चांदनी, खुदा गवाह, जुदाई, लाडला, इंग्लिश विंग्लिश और मॉम जैसी कई शानदार फिल्मों के नाम शामिल रहे।

### 13 साल की उम्र में निभाया मां का किरदार

बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट श्रीदेवी ने सिनेमा जगत में अपना सफर शुरू किया था। लेकिन उनको सबसे अधिक लाइमलाइट 13 साल की उम्र में मां का किरदार निभाने से मिली थी।

साउथ सिनेमा के मशहूर निर्देशक रहे बालचंदर के निर्देशन में बनी फिल्म मंदरू मुदिचू में श्रीदेवी ने सुपरस्टार रजनीकांत की मां की भूमिका निभाई थी। इसके बाद श्रीदेवी और रजनीकांत लगभग 20 फिल्मों में एक साथ काम किया।

# Bhooth Bangla का काउंटडाउन हो गया शुरू, Akshay का नया लुक आया सामने



निर्देशक प्रियदर्शन के साथ लंबे समय बाद अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म भूत बंगला के जरिए वापसी करने जा रहे हैं। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट सातवें आसमान पर है। अब ये एक्साइमेंट दोगुनी होने वाली है, क्योंकि मेकर्स की तरफ से भूत बंगला का नया मोशन पोस्टर रिलीज कर दिया गया। इस पोस्टर में अक्षय कुमार धांसू अंदाज में नजर आ रहे हैं। साथ ही भूत बंगला के काउंटडाउन की शुरुआत भी हो गई है। आइए एक नजर इस लेटेस्ट पोस्टर पर डालते हैं।

### भूत बंगला का नया पोस्टर आया सामने

साल 2026 में अभिनेता अक्षय कुमार भूत बंगला के जरिए एंट्री मारेंगे। इस साल की अपनी पहली फिल्म को लेकर अक्की कापी उत्साहित हैं और वह भूत बंगला को लेकर पूरे तैयारियों में लगे हुए हैं। मंगलवार को अक्षय ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर हॉरर कॉमेडी भूत बंगला का लेटेस्ट मोशन पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में आप देख सकते हैं कि अक्षय कुमार एक सिहांसन टाइप की कुर्सी पर बैठे हुए हैं। शरीर पर धोती और हाथों-गले में रुद्राक्ष की माला पहने हुए दिखाई दे रहे हैं। कैप्शन में एक्टर ने लिखा है- दस को देंगे दस्तक, इंतजार करो तब तक, चलिए मजा शुरू करते हैं। भूत बंगला का अक्षय कुमार का नया लुक काफी बेहतरीन लग रहा है। सोशल मीडिया पर अक्की के इस मोशन पोस्टर को काफी पसंद किया जा रहा है। मालूम हो कि 14 साल के लंबे इंतजार के बाद भूत बंगला के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की जोड़ी वापसी करने जा रही है। इससे पहले ये दोनों हेरा फेरी, भूल भुलैया और गरम मसाला जैसी कई मूवीज के दर्शकों को हंसा चुके हैं।

### 10 अप्रैल को रिलीज होगी भूत बंगला

अक्षय कुमार स्टारर भूत बंगला को 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। पहले इस मूवी की रिलीज डेट को बदलकर 15 मई कर दिया गया था। लेकिन बाद में मेकर्स ने यूटर्न लेकर फिल्म को तय समय पर रिलीज करने का एलान किया। इस मूवी में अक्षय के साथ-साथ एक्ट्रेस वामिका गब्बी, राजपाल यादव, तब्बू, परेश रावल और मनोज जोशी जैसे कई कलाकार नजर आएंगे।

## डॉन 3 विवाद में नया ट्विस्ट

# रणवीर सिंह को चुकाने पड़ सकते हैं 40 करोड़




बॉलीवुड की मच-अवेटेड फिल्म डॉन 3 को लेकर चल रहे विवाद में एक बड़ा नया मोड़ आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणवीर सिंह के फिल्म छोड़ने के बाद, यह मामला अब 40 करोड़ के हर्जाने की मांग तक पहुंच गया है। रणवीर और फरहान अख्तर-रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटरटेनमेंट के बीच क्रिएटिव मतभेदों की बातें तेज हो रही हैं। कहा जा रहा है कि यह मामला प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के पास गया था, लेकिन वे कोई हल नहीं निकाल पाए। अब, दोनों पक्ष कानूनी रास्ता अपनाने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे इंडस्ट्री में काफी हलचल मच गई है।

### लीगल तरीके से निपटेगा झगड़ा?

गिल्ड ने कहा कि ऐसे झगड़ों में उसका रोल लिमिटेड है। दोनों पार्टियों के अपनी-अपनी बात पर अड़े रहने के बाद, बॉडी के मेंबर्स ने सुझाव दिया कि इस मामले को लीगल टीमों द्वारा सही तरीकों से हैंडल किया जाए। यह डेवलपमेंट इनफॉर्मल मीडिएशन से एक फॉर्मल कदम पीछे हटने जैसा है, जिससे पता चलता है कि यह टकराव अब लिटिगेशन की ओर बढ़ सकता है। वैरायटी इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक।

### कैसे शुरू हुआ था विवाद?

यह झगड़ा तब शुरू हुआ जब रणवीर ने डॉन 3 छोड़ दी, जिसे एक्सेल एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस कर रहा है और फरहान अख्तर डायरेक्ट कर रहे हैं। रिपोर्ट्स बताती हैं कि प्रोडक्शन हाउस फिल्म के प्री-प्रोडक्शन और डेवलपमेंट स्टेज के दौरान हुए नुकसान का हवाला देते हुए 40 करोड़ रुपये का कम्पेनसेशन मांग रहा है। हालांकि, कहा जाता है कि रणवीर ने उन पर लगाई गई फाइनेंशियल लायबिलिटी की लिमिट पर सवाल उठाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्टर और प्रोड्यूसर्स के बीच धुरंधर की रिलीज से कुछ समय पहले तक बातचीत चलती रही, जिसके बाद उन्होंने प्रोजेक्ट से हटने का फैसला किया। जबकि उन्होंने कथित तौर पर गुडविल के तौर पर एक निश्चित रकम देने का ऑफर दिया था, लेकिन एक्सेल द्वारा पेश किए गए कम्पेनसेशन के आंकड़े को बहुत ज्यादा मानने पर ऑफर वापस ले लिया गया। मामले से जुड़े लोगों का दावा है कि रणवीर को नहीं लगता कि क्लेम किए गए नुकसान के लिए वह कॉन्ट्रैक्ट की जिम्मेदारी लेते हैं।

### गिल्ड ने दी ये सलाह

गिल्ड अब कानूनी मदद लेने की सलाह दे रहा है, इसलिए डॉन 3 और उससे जुड़े फाइनेंशियल विवाद का भविष्य अभी भी पक्का नहीं है, क्योंकि इसमें शामिल पार्टियों की तरफ से आगे कोई एक्शन नहीं लिया जाएगा।

# कर्नाटक हाई कोर्ट ने Ranveer Singh को लगाई फटकार, कांतारा दैव का उड़ाया था मजाक





कांतारा चैप्टर 1 मिमिक्री विवाद को लेकर अभिनेता रणवीर सिंह का नाम बीते समय से लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। मंगलवार को इस मामले को लेकर कर्नाटक हाई कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसमें अदालत ने रणवीर को फटकार लगाते हुए प्रतिभा की आड़ में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के अधिकार न होने की बात की कही है।

हालांकि, कर्नाटक होई कोर्ट ने रणवीर सिंह का राहत देते हुए उनके खिलाफ किसी भी कठोर कार्रवाई करने से भी मना किया है। आइए जानते हैं कि कंतारा कंट्रोवर्सी को लेकर अदालत ने क्या निर्देश दिया है।

### रणवीर के कोर्ट की फटकार

एक दिन पहले ये खबर सामने आई थी कि धुरंधर एक्टर रणवीर सिंह ने कांतारा विवाद को लेकर अपने खिलाफ हुई एफआईआर और मामले में राहत देने के लिए कर्नाटक हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अब इस मामले को लेकर 24 फरवरी को अदालत में सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया और कहा- आप रणवीर सिंह हो या फिर कोई और, एक एक्टर के तौर पर आपकी जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ जाती है, क्योंकि लोग आप से प्रभावित होते हैं। बेलगाम भाषा का इस तरह से इस्तेमाल नहीं करना चाहिए और न ही प्रतिभा की आड़ में धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने को आपके पास अधिकार है। रणवीर सिंह ने एक दैव के किरदार की नकल की वह उचित नहीं था। प्रतिभा या लोकप्रियता किसी भी कानून से ऊपर नहीं हो सकती। इंटरनेट कभी नहीं भूलता, जो भी आपने किया, उसका रिकॉर्ड हमेशा रहेगा। हालांकि, कर्नाटक हाई कोर्ट ने ये भी निर्देश दिया है कि रणवीर सिंह के खिलाफ किसी भी तरह कोई कड़ी कार्रवाई न की जाए। साथ ही उन्हें मामले की जांच में पूरा सहयोग करने का निर्देश दिया गया है।

### 2 मार्च को अगली सुनवाई

रणवीर सिंह से जुड़े कांतारा चैप्टर 1 दैव मजाक का मजाक उड़ाने के विवाद को लेकर अगली सुनवाई 2 मार्च को कर्नाटक हाई कोर्ट में की जाएगी। बता दें कि बीते साल 56वें गोवा फिल्म फेस्टिवल की क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान रणवीर सिंह ने कांतारा चैप्टर 1 के अभिनेता ऋषभ शेट्टी के सामने स्टेज पर दैव वाले सीन की नकल उतारी थी।

# 27 साल पुरानी फिल्म ने बचाया था संजय लीला भंसाली का करियर, डेब्यू फिल्म के फ्लॉप होने से पहुंचा था गहरा सदमा

हिंदी सिनेमा के लोकप्रिय निर्देशकों में संजय लीला भंसाली का नाम भी शामिल रहता है। 90 के दशक से लेकर अब तक वह अपनी शानदार मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते आ रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि संजय लीला भंसाली की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म महा फ्लॉप रही थी और उनके फिल्ममेकिंग करियर पर संकट के बादल मंडराने लगे थे। फिर संजय लीला भंसाली ने एक ऐसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बनाई, जिसने उनका करियर बचा लिया था। इस मामले को लेकर हाल ही में निर्देशक ने खुलकर बात की है और उस मूवी का नाम भी बताया है।

**इस फिल्म से बचा था करियर**-हर बड़े फिल्मकार के करियर में कोई न कोई ऐसी फिल्म होती है, जिससे उन्होंने सफलता की ऊंचाइयों पर चढ़ना शुरू किया होता है। देवदास और पद्मावत फिल्मों को निर्देशक संजय लीला भंसाली साल 1999 में प्रदर्शित फिल्म हम दिल दे चुके सनम को वो फिल्म मानते हैं। संजय ने कहा- यह मेरे लिए बहुत अहम फिल्म थी। हम दिल दे चुके सनम से पहले मैंने फिल्म खामोशी-द म्यूजिकल बनाई थी। उससे मैंने करियर शुरू होने से पहले ही खत्म कर लिया था। उस फिल्म के बाद मुंबई के लिबर्टी सिनेमा में दर्शकों द्वारा गुस्से में कुर्सियां तोड़ने वाला दृश्य आज भी भयभीत करता है। उसके बाद आते हैं हम दिल दे चुके सनम के प्रीमियर पर वह भी मुंबई के लिबर्टी सिनेमा में ही हुआ था, लेकिन इस बार दर्शकों की प्रतिक्रिया अलग थी।

जब वो फिल्म देखकर थिएटर से बाहर आ रहे थे, तो मैंने चुपके से उनकी बातें सुनी। कोई मुझे पहचान नहीं रहा था और सभी की बातें फिल्म को लेकर सकारात्मक थी। उसके बाद मैंने अपने मन की और ज्यादा फिल्में बना सका। बता दें कि सलमान खान, ऐश्वर्या राय बच्चन और अजय देवगन स्टारर हम दिल दे चुके सनम बॉलीवुड की कल्ट क्लासिक मूवी मानी जाती है।

**संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म**-बतौर निर्देशक इन दिनों संजय लीला भंसाली अपनी अपकमिंग फिल्म लव एंड वॉर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस मूवी में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल जैसे मशहूर कलाकार अहम भूमिका में मौजूद हैं। फिल्म की शूटिंग का आधा काम लगभग पूरा हो गया है।

# धुरंधर 2 के बड़े साहब की तलाश हो गई पूरी, ये एक्टर पर्दे पर फिर से बनेगा खलनायक?

सुपरस्टार रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर 2 का हर कोई बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहा है। उतनी ही बेताबी इस मूवी में बड़े साहब के कैरेक्टर को लेकर सिनेप्रेमियों में देखने को मिल रही है। बीते समय में ये ऐसी खबर सामने आई थी कि सलमान खान धुरंधर द रिवेंज के बड़े साहब हो सकते हैं, लेकिन वे महज अफवाह निकलीं। लेकिन अब जो जानकारी सामने आ रही है, उससे ये साफ पता लग रहा है शायद धुरंधर 2 के मेकर्स की बड़े साहब की तलाश पूरी हो गई है। आइए जानते हैं कि इस रेस में नया नाम इस एक्टर का सामने आया है।

### ये अभिनेता बन सकता है बड़े साहब

**निर्देशक आदित्य धर की धुरंधर :** द रिवेंज साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक मानी जा रही है। 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही इस फिल्म में रणवीर सिंह भारतीय जासूस की भूमिका निभा रहे हैं और इसकी कहानी फिल्म धुरंधर के घटनाक्रम को आगे बढ़ाती है।

इसमें आर. माधवन, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, सारा अर्जुन और संजय दत्त जैसे कलाकार सीक्वल में वापसी कर रहे हैं, वहीं कुछ नए नामों के जुड़ने की भी चर्चा है। यामी गौतम के कैमियो की पुष्टि हो चुकी है, जबकि अब इमरान हाशमी के उस किरदार को निभाने की जोरदार चर्चा है, जिसका जिक्र पहले भाग में सिर्फ नाम से हुआ था। पहली फिल्म में बड़े साहब नाम का एक खलनायक रहस्यमयी अंदाज में सामने आया था। अटकलें लगाई गई थीं कि यह किरदार दाऊद इब्राहिम या मसूद अजहर जैसी शख्सियतों से प्रेरित हो सकता है। अब खबरें हैं राज जुत्शी पाकिस्तानी जनरल का किरदार निभा सकते हैं। वहीं इमरान हाशमी बड़े साहब का रोल निभा सकते हैं।

**इमरान पहले भी बने विलेन**-वैसे इमरान हाशमी सुपरस्टार सलमान खान का स्पाई थ्रिलर फिल्म टाइगर 3 में भी खलनायक की भूमिका निभा चुके हैं। बता दें कि धुरंधर की कहानी एक अंडरकवर भारतीय एजेंट के इर्द-गिर्द घूमती है, जो आतंकी नेटवर्क को खत्म करने के लिए पाकिस्तान के कराची में अपराध जगत और राजनीतिक ढांचे में घुसपैठ करता है। हालांकि, अभी इस मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की जा सकती है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बीमा/ इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारियों के साथ विडियों कांफ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग



**हमारा समाचार**

**सांभरलेक।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) भंवर लाल बुगालिया, जिला जयपुर के निर्देशन में अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्र.सं. 1) अरविन्द कुमार जांगिड़, सांभर लेक के अवकाशागार में 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली इस साल की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु गुरुवार को बीमा / इंश्योरेंस कंपनीयों के अधिकारों के साथ विडियों कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांभर लेक न्याय क्षेत्र में विचाराधीन/ लम्बित राजीनामा योग्य मोटर वाहन दुर्घटना अधिकरण से संबंधित प्रकरणों में राजीनामा योग्य प्रकरणों में राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों के निस्तारण हेतु पूर्ण प्रयास कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मोटर वाहन दुर्घटना अधिकरण से संबंधित बीमा / इंश्योरेंस कंपनीयों के अधिकारिगण उपस्थित रहे।

## उद्यमी निवेश कर राज्य के विकास में बनें सक्रिय भागीदार - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**हमारा समाचार**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान प्रौद्योगिकी, डिजिटल गवर्नेंस और स्टार्टअप इकोसिस्टम के क्षेत्र में भारत के अग्रणी राज्यों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान आज निवेश के लिए पूरी तरह तैयार है। सरकार द्वारा नीतियों और प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है, जिससे निवेशक आसानी से अपना उद्यम यहां स्थापित कर सके। उन्होंने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे राजस्थान में निवेश कर राज्य के विकास में सक्रिय भागीदार बने तथा आत्मनिर्भर तथा विकसित भारत के विजन को साकार करें। शर्मा शुक्रवार को जयपुर के निजी होटल में आयोजित राजस्थान सी-साइड स्टार्टअप समिट-2026 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान आज सीमाओं से परे




भी नवाचार और साझेदारी में आगे बढ़ रहा है। आर्मेनिया गणराज्य तथा सूचना प्रौद्योगिकी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित यह समिट इस पहल का सुखद परिणाम है। इस समिट के माध्यम से नवप्रवर्तक, निवेशक, नीति-निर्माता और उद्यमी जुड़कर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे और सीमाओं से परे परस्पर सहयोग का निर्माण करेंगे।

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत नवाचार में छू रहा नई ऊंचाईयां**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आज इनोवेशन तथा उद्यमशीलता के क्षेत्र में नई ऊंचाईयां छू रहा है। उनका मानना है 'भारत के लिए नवाचार करें और भारत से नवाचार करें। हमारी सरकार प्रधानमंत्री के इसी सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हमने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन कर 35 लाख करोड़ के एमओयू हस्ताक्षरित किए थे, जिसमें से 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश पर कार्य प्रारंभ भी हो चुका है।

**आई-स्टार्ट से प्रदेश में 3 हजार 450 से अधिक स्टार्टअप्स पंजीकृत**

शर्मा ने कहा कि राजस्थान एआई, डीपटेक और उभरती प्रौद्योगिकियों से लेकर मशीन लर्निंग, डेटा साइंस जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारी सरकार द्वारा पिछले दो सालों में आई-स्टार्ट के माध्यम से प्रदेश में 3 हजार 450 से अधिक स्टार्टअप्स पंजीकृत हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि एनिमेशन, गेमिंग, एक्सटेंडेड रियलिटी और कॉमिक्स जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अटल इनोवेशन स्टूडियो से स्मार्ट गवर्नेंस तथा बेहतर सेवा वितरण को प्रोत्साहन मिला है।

## जन्मदिन पर सेवा की मिसाल: विद्यालय को अलमारी भेंट



**हमारा समाचार**

**रतनगढ़।** हनुमान प्रसाद सीताराम सेवा समिति की ओर से गुरुवार को महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, पंडितपुर में एक बॉक्स अलमारी भेंट कर सराहनीय पहल की गई। कार्यक्रम सीबीईओ संदीप व्यास के सान्निध्य तथा संस्था प्रधान नरेंद्र कुमार सांकृत्य की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समिति अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने अपनी सुपौत्री माही दाधीच के जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय को अलमारी समर्पित की और विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरित कर खुशियां बांटी। अपने संबोधन में उन्होंने समिति के सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए समाज के विकास के लिए सभी से सहयोग का आह्वान किया। साथ ही वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण को समय की आवश्यकता बताया। विशिष्ट अतिथि पूर्व सीबीईओ कुलदीप व्यास ने समिति की सराहना करते हुए प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। समाजसेवी मोतीलाल तातेड ने सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक रामचंद्र सैनी ने किया तथा विद्यालय स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत किया।

## द अम्रपाली कलेक्शन - सिल्वर एंड गोल्ड - विज़न्स ऑफ आर्केडिया का जयपुर में भव्य विमोचन

**हमारा समाचार**

**जयपुर।** आम्रपाली म्यूजियम में गुरुवार को 'द अम्रपाली कलेक्शन - सिल्वर एंड गोल्ड - विज़न्स ऑफ आर्केडिया' पुस्तक का भव्य विमोचन किया गया। प्रख्यात आभूषण इतिहासकार डॉ. उषा आर. बालाकृष्णन द्वारा लिखित इस पुस्तक का प्रकाशन मैपिन पब्लिशिंग ने म्यूजियम के सहयोग से किया है। विमोचन समारोह में डॉ. उषा आर. बालाकृष्णन के साथ एका आर्काइविंग सर्विसेज़ के को-फाउंडर प्रमोद कुमार केजी, आम्रपाली म्यूजियम के को-फाउंडर राजीव अरोड़ा एवं राजेश अजमेरा, मैपिन पब्लिशिंग के बिपिन शाह और म्यूजियम के सीईओ तरंग अरोड़ा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत



म्यूजियम विजिट से हुई, जिसके बाद पुस्तक का औपचारिक विमोचन और संवाद सत्र आयोजित किया गया। डॉ. बालाकृष्णन ने कहा कि यह पुस्तक भारत के ग्रामीण, घुमंतू और किसान समुदायों की समृद्ध आभूषण परंपराओं का उत्सव है। उन्होंने चांदी के आभूषणों को सुलभ और लोकतांत्रिक परंपरा का प्रतीक बताया। राजीव अरोड़ा ने कहा कि यह प्रकाशन भारत की आभूषण विरासत को सहेजने और युवा पीढ़ी को उससे जोड़ने का प्रयास है। 264 पृष्ठों और 331 फोटोग्राफ्स से सुसज्जित यह पुस्तक चार दशकों के शोध पर आधारित है।

## रोज़मर्टा ने सड़क सुरक्षा के लिए किया 'द क्युरियस बंच' का अनावरण

**हमारा समाचार**

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी मोबिलिटी समाधान प्रदाता और लम्बे समय से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने वाली कंपनी रोज़मर्टा टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड ने बच्चों के लिए एक कॉमिक बुक 'द क्युरियस बंच' का लॉन्च किया। पुस्तक का अनावरण नई दिल्ली के इंडिया हेबिटेट सेंटर में सड़क सुरक्षा पर आयोजित तीसरे सीआईआई नेशन कॉन्क्लेव के दौरान किया गया। यह लॉन्च रोज़मर्टा की इस अवधारणा को दर्शाता है कि स्थायी सड़क सुरक्षा इस बात पर निर्भर करती है कि हम कम उम्र से ही बच्चों में किस तरह ज़िम्मेदाराना व्यवहार को प्रोत्साहित करते हैं।पुस्तक का अनावरण नई दिल्ली के इंडिया हेबिटेट सेंटर में सड़क सुरक्षा पर आयोजित तीसरे सीआईआई नेशन कॉन्क्लेव के दौरान किया गया। यह लॉन्च रोज़मर्टा की इस अवधारणा को दर्शाता है कि स्थायी सड़क सुरक्षा इस बात पर निर्भर करती है कि हम कम उम्र से ही बच्चों में किस तरह ज़िम्मेदाराना व्यवहार को प्रोत्साहित करते हैं। '' 'द क्युरियस बंच' के ज़रिए हम बच्चों को कम उम्र से ही सड़क सुरक्षा के बारे मेंजागरुक बनाना चाहते हैं, क्योंकि आज उनके बचपन में बनी आदतें हमारे देश के आने वाले कल की सुरक्षा को सुनिश्चित करेंगी।''रवि कृष्णमूर्थि, ग्रुप प्रेज़ीडेन्ट, रोज़मर्टा टेक्नोलॉजीज़ ने कहा। रोज़मर्टा ने टेक्नोलॉजी-उन्मुख सिस्टम के ज़रिए भारत के सड़क सुरक्षा मिशन को समर्थन दिया है, जोअनुपालन एवं जवाबदेहिता और ड्राइवर के पारदर्शी मूल्यांकन को सशक्त बनाता है। ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट असेसमेंट और एआई-इनेबल्ड मॉनिटरिंग सॉल्यूशन जैसी पहलें सुरक्षित लाइसेंसिंग और ड्राइविंग के ज़िम्मेदाराना व्यवहार को बढ़ावा देती हैं। द क्यूरियस बंच के लॉन्च के साथ, कंपनी 4ई फ्रेमवर्क पर अपना फोकस बढ़ा रही है।

भारत के अग्रणी मोबिलिटी समाधान प्रदाता और लम्बे समय से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने वाली कंपनी रोज़मर्टा टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड ने बच्चों के लिए एक कॉमिक बुक 'द क्युरियस बंच' का लॉन्च किया। पुस्तक का अनावरण नई दिल्ली के इंडिया हेबिटेट सेंटर में सड़क सुरक्षा पर आयोजित तीसरे सीआईआई नेशन कॉन्क्लेव के दौरान किया गया।पुस्तक का अनावरण नई दिल्ली के इंडिया हेबिटेट सेंटर में सड़क सुरक्षा पर आयोजित तीसरे सीआईआई नेशन कॉन्क्लेव के दौरान किया गया।

## नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने ली समीक्षा बैठक



**हमारा समाचार**

**जयपुर।** नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय पर समीक्षा बैठक ली। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त श्री नरेन्द्र कुमार बंसल, जोन एवं मुख्यालय उपायुक्त सहित निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने सख्त लहजे में कहा कि 10 मार्च तक पट्टे के सभी प्रकार लंबित प्रकरणों नाम हस्तान्तरण, उपविभाजन, पुनगठर्न के सभी प्रकरणों को त्वरित गति से निस्तारण कर आमजन को राहत देने का प्रयास करे साथ ही जिन पट्टों को खारिज किया गया है उनका भी खारिज करने के कारण की सूचना आवष्यक रूप से दे। आयुक्त ने फायर एनओसी के लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जाहिर करते हुये संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निस्तारण करने के निर्देष दिये। आयुक्त ने बिल्डिग अप्रुवल के प्रकरणों को त्वरित गति से निस्तारण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देष दिये। बैठक मे आयुक्त ने ट्रेड लाईसेंस, सब डिविजन, बिल्डिग प्लान अप्रुवल के साथ स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 की तैयारियों के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की।

## जनसुनवाई में समाधान का संकल्प



**हमारा समाचार**

**रतनगढ़।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोगों ने पानी, सड़क, बिजली, सफाई और राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं। महर्षि ने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। साथ ही लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन को राहत पहुंचाना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन को राहत पहुंचाना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम 28 फरवरी को पंचायत समिति सभागार में होगा आयोजित

**हमारा समाचार**

**कोटपूतली बहरोड़ ।** मुख्यमंत्री रोजगार मेले के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 28 फरवरी (शनिवार) को प्रातः 10 बजे से पंचायत समिति कोटपूतली के सभागार में होगा। इस दौरान जिला स्तर के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में अजमेर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअली प्रसारण किया जावेगा। जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्य आवंटित करते हुए समुचित तैयारी यथासमय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए एसडीएम कोटपूतली को समग्र प्रभारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले नवनियुक्त कार्मिकों का कार्यक्रम स्थल पर पंजीकरण करने के साथ ही नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।



## गौरव उत्सव के अंतर्गत अडानी सीमेंट ने किया कॉन्ट्रैक्टरों का सम्मान

**हमारा समाचार**

**जयपुर।** एक निजी रिजॉर्ट में अडानी (अंबुजा/एसीसी) सीमेंट द्वारा गौरव उत्सव का आयोजन किया गया। इस गौरव उत्सव में राजस्थान के अडानी सीमेंट के लॉयल्टी प्रोग्राम रिवॉर्ड कनेक्ट से जुड़े कॉन्टेक्टरो को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया, साथ ही सभी कॉन्टेक्टरो को अंबुजा कवच / एसीसी गोल्ड सीमेंट और अडानी सर्टिफाइड टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर अडानी ग्रुप से रीजनल मैनेजर अमीश बिसेन और निपुन बैद, ब्रांच इंचार्ज सिद्धार्थ शर्मा सहित जयपुर संभाग से अंबुजा और एसीसी सीमेंट के डीलर शामिल रहे। अडानी सीमेंट समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का देश भर में आयोजन करता रहता है।




अडानी ग्रुप के अन्य शामिल सदस्य इंजीनियर विजेंद्र जोशी, आशीष चौहान, पंकज शर्मा, अनिकेत राज, योगेश वर्मा, जतिन वर्मा, मनीष कुमावत, तुषार कुमावत, पंकज शर्मा, अनिकेत राज, योगेश वर्मा, जतिन वर्मा, मनीष कुमावत, तुषार कुमावत, नितिन भार्गव आदि लोग मौजूद रहे। इन टॉप परफॉर्मरों को किया गया सम्मानित अदानी सीमेंट के लॉयल्टी प्रोग्राम रिवॉर्ड कनेक्ट के माध्यम से ठेकेदार श्री सूरज गुर्जर जी ने हीरो स्प्लेंडर जीती। अदानी सीमेंट के बेस्ट कॉन्टेक्टर को पी.पी. और ए.सी.टी. अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कारवाई

**हमारा समाचार**

**जयपुर।** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में शुक्रवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में अरावली मार्ग, पटेल मार्ग, गोखले मार्ग मानसरोवर से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 29 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 2 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में अरावली मार्ग, पटेल मार्ग, गोखले मार्ग मानसरोवर से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 2 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 29 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## होली के त्यौहार पर सफाई व्यवस्था को लेकर दिये अधिकारियों को निर्देष

**हमारा समाचार**

**जयपुर।** आगामी होली एवं धुलंडी पर्व (दिनांक 02 एवं 03 मार्च 2026) के अवसर पर नगर निगम जयपुर द्वारा शहर में विशेष साफ-सफाई व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देषानुसार नगर निगम क्षेत्र में होलिका दहन एवं धुलंडी के दौरान उत्पन्न होने वाली राख, कोयला, लकड़ी अवशेष, रंग-गुलाल एवं अन्य कचरे की त्वरित सफाई हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। मुख्य सड़कों, चैराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती की जाएगी ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा दुर्घटनाओं की संभावना को रोका जा सके। मुख्य सड़कों, चैराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती की जाएगी ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा दुर्घटनाओं की संभावना को रोका जा सके। नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने आमजन से अपील की कि होली पर्व सौहार्द एवं सुरक्षित वातावरण में मनाएं तथा सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने में नगर निगम प्रषासन का सहयोग करें। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा की दृष्टि से दिनांक 2 व 3 मार्च 2026 को अग्निशमन वाहन मय आवश्यक उपकरण एवं स्टाफ की तैनाती शहर के विभिन्न स्थानों पर की जायेगी। दिनांक 2 व 3 मार्च को थाना रामगंज, माणक चैक, ब्रह्मपुरी, शास्त्रीनगर, कोतवाली, लालकोठी, मालवीय नगर, आदर्शनगर, सांगानेर, मानसरोवर, वैशाली नगर तथा पुलिस कंट्रोल रूम, यादगार जयपुर पर की जाएगी। यह व्यवस्था प्रातः 07.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक प्रभावी रहेगी।

## फाल्गुनी लक्खी मेले पर निकाली विशाल निशान यात्रा

# श्याम भक्तों का उमडा जन सैलाब

**हमारा समाचार**

**अजमेर ।** फाल्गुनी लक्खी मेले के अवसर पर आज श्री गिर्राज धरण मंडल द्वारा 10वीं श्री श्याम ध्वजा यात्रा व फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। विशाल निशान यात्रा में सैकड़ो श्याम भक्त नाचते गाते श्री खाटू श्याम जी के निशान लेकर चल रहे थे । श्री गिर्राज धरण मंडल के विनोद अग्रवाल ने बताया कि बाबा खाटू श्याम के फाल्गुनी लक्खी मेले के अवसर पर पुरानी मंडी से मदार गेट तक विशाल निशान यात्रा निकाली गई । निशान यात्रा निकालने से पूर्व पुरानी मंडी सुभाष चौक पर श्याम भक्तों ने संकीर्तन किया। विशाल निशान यात्रा में श्याम भक्तों का जनसैलाब उमड पड़ा। इस अवसर



पर विख्यात भजन गायक विमल गर्ग ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया । निशान यात्रा में श्याम बाबा को नगर भ्रमण कराया गया एवं निशान यात्रा का समापन मदार गेट पर खाटू श्याम मंदिर में हुआ । महा आरती के बाद प्रसादी का आयोजन किया गया। महाआरती के के बाद फाग महोत्सव में फूलों व इत्र से श्याम बाबा से भक्तों द्वारा होली खेली । महआरती में अंशु अग्रवाल विनोद अग्रवाल वीरेन्द्र जैन सौरभ जैन ललित गोयल सूरज गोयल कांच वाले किशन गुप्ता जवाहर फाउंडेशन के शिव कुमार बंसल राजकुमार गर्ग ललित अग्रवाल मुकेश शर्मा राजेन्द्र माथुर सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित थे।

## सांभर झील में हुआ भव्य सांभर बर्ड फेस्टिवल का आयोजन



हमारा समाचार

**जयपुर।** विश्व प्रसिद्ध खारे जल की झील सांभर लेक में शुक्रवार को वन विभाग के तत्वावधान में कोच्या की ढाणी स्थित इंटरप्रिटेशन सेंटर परिसर में एक दिवसीय सांभर बर्ड फेस्टिवल का भव्य आयोजन हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों, पर्यटकों एवं स्थानीय समुदाय को झील की समृद्ध वेटलैंड पारिस्थितिकी, जैव विविधता तथा प्रवासी पक्षियों के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता को केंद्र में रखकर आयोजित इस फेस्टिवल ने पर्यावरण जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएफओ जयपुर श्री वी. केतन कुमार उपस्थित रहे। उपखंड अधिकारी सांभर श्री ऋषिराज कपिल, सांभर साल्ट्स लिमिटेड के जीएम श्री वी. जी. मेहरिया, पशुपालन विभाग के नोडल अधिकारी श्री गणेश कुमार गर्ग सहित वन विभाग के अधिकारीगण, रेंज स्टाफ, एनजीओ प्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक एवं 250 से अधिक स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। फेस्टिवल में तकनीक और परंपरा का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। सांभर की जैव विविधता एवं दुर्लभ पक्षियों की आकर्षक फोटो प्रदर्शनी, नमक उत्पादन की पारंपरिक प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन, एवियन बोटुलिज़्म प्रबंधन एवं पक्षी रोगों की रोकथाम संबंधी जानकारी तथा 'एक जिला एक प्रजाति' अंतर्गत पंच गौरव लिसोड़ा की प्रदर्शनी ने उपस्थित जनसमूह को विशेष रूप से आकर्षित किया। स्कूली बच्चों के लिए ड्राइंग, क्विज एवं जागरूकता प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई और विजेताओं को सम्मानित किया गया।

# सांभर झील हुआ में दिव्य एवं भव्य सांभर बर्ड फेस्टिवल का आयोजन

हमारा समाचार

**जयपुर।** विश्व प्रसिद्ध खारे जल की झील सांभर लेक में आज वन विभाग के तत्वावधान में कोच्या की ढाणी स्थित इंटरप्रिटेशन सेंटर परिसर में एक दिवसीय सांभर बर्ड फेस्टिवल का दिव्य एवं भव्य आयोजन हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों, पर्यटकों एवं स्थानीय समुदाय को झील की समृद्ध वेटलैंड पारिस्थितिकी, जैव विविधता तथा प्रवासी पक्षियों के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता को केंद्र में रखकर आयोजित इस फेस्टिवल ने पर्यावरण जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएफओ जयपुर श्री वी. केतन कुमार उपस्थित रहे। उपखंड अधिकारी सांभर श्री ऋषिराज कपिल, सांभर साल्ट्स लिमिटेड के जीएम श्री वी. जी. मेहरिया, पशुपालन विभाग के नोडल अधिकारी श्री गणेश कुमार गर्ग सहित वन विभाग के



अधिकारीगण, रेंज स्टाफ, एनजीओ प्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक एवं 250 से अधिक स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। फेस्टिवल में तकनीक और परंपरा का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। सांभर की जैव विविधता एवं दुर्लभ पक्षियों की आकर्षक फोटो प्रदर्शनी, नमक उत्पादन की पारंपरिक प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन, एवियन बोटुलिज़्म प्रबंधन एवं पक्षी रोगों की रोकथाम संबंधी जानकारी तथा 'एक जिला एक प्रजाति' अंतर्गत पंच गौरव लिसोड़ा की प्रदर्शनी ने उपस्थित जनसमूह को विशेष रूप से आकर्षित किया। स्कूली बच्चों के लिए ड्राइंग, क्विज एवं जागरूकता प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई और विजेताओं को सम्मानित किया गया।

बच्चों को झील क्षेत्र में बर्ड वॉचिंग करवाई गई तथा कठपुतली नृत्य के माध्यम से संरक्षण का संदेश दिया गया। आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देते हुए eBird ऐप के माध्यम से पक्षियों की पहचान एवं डिजिटल रिकॉर्डिंग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

नमक उत्पादन का लाइव सत्र आयोजित किया गया, जिससे प्रतिभागियों को पारंपरिक उद्योग की वास्तविक प्रक्रिया से अवगत होने का अवसर मिला। सांभर लेक जो कि एक अंतरराष्ट्रीय महत्त्व की रामसर साइट है, के संरक्षण हेतु इच्छुक प्रतिभागियों का 'वेटलैंड मित्र' के रूप में पंजीकरण भी किया गया, ताकि जनभागीदारी को स्थायी स्वरूप दिया जा सके। वन विभाग ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे आयोजन पर्यटन संवर्धन के साथ-साथ वैज्ञानिक डेटा संग्रहण, जनजागरूकता और संरक्षण प्रयासों को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक संकल्प और प्रकृति के प्रति प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

## हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में फागोत्सव मनाया



हमारा समाचार

**टोंक।** हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में स्थित शिव मन्दिर पर भव्य फागोत्सव 2026 का आयोजन धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर शिव मन्दिर को फूलों एवं गुब्बारों से सजाया गया है तथा अनिता खण्डेलवाल, अर्चना गर्ग, कृष्णा पारीक, अंजली साहू ने गणेश वन्दना से कार्यक्रम का आगाज किया । कार्यक्रम संयोजक अशोक गांधी ने बताया क हाऊसिंग बोर्ड कालोनी वेलफेयर सोसायटी टोंक पदाधिकारी अध्यक्ष हनुमान जागिंड़, सचिव सुरेश विजय बिणजारी, कोषाध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, भागचन्द विजय ने सर्वप्रथम प्रतिमाओं का माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना पण्डित रामअवतार शर्मा द्वारा कराई गयी । राधा व कृष्ण बनी महिलाओं ने भजनों पर अन्य महिलाओं के साथ फूलों व गुलाल के संग होली खेली। महिलाओं ने सामूहिक रूप से आओ सखी होली खेले नंदलाल से, आज तो नाचू रे मै संग बांके बिहारी के, मै तो रंगी रे श्याम रंग में, राधा बनकर पाऊ तुझको ओ मेरे नटवर गोपाल, होली खेलू रे मै बरसाना में बिहारी बनकर एवं कान्हा ढूंढे मुझको रंग लगाऊ, नैना नीचा करले श्याम से मिलावेली काई सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर नृत्य किया। फागोत्सव के दौरान फूलों, गुलाल व अबीर से महिलाओं ने होली खेलकर भगवान के समक्ष सामूहिक नृत्य किया। फाग के समापन पर राधा-कृष्ण की आरती करके प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर कार्यक्रम में मंजू गांधी, मधु गोयल, रेखा बोहरा, भारती विजय, राजकुमारी शर्मा, विजया जागिंड़, मंजू विजय, हेमा शर्मा, मीनू तिवाड़ी, किरण सेन, राजेश शर्मा, तारेश विजय, हेमंत भार्गव, लीला उपाध्याय, मनीषा गुप्ता, रेखा, प्रियंका विजय, सीता पारीक, हेमा खण्डेलवाल, बद्री विजय, राधेश्याम विजय, दशरथ पारीक, भगवान सिंह, राज तिवाड़ी, सायर चौधरी एवं रामकरण चौधरी आदि मौजूद थे।

## भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जयपुर में क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित

हमारा समाचार

**जयपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता केन्द्र परियोजना के अंतर्गत 27 फरवरी 2026 को जयपुर में क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय रिजर्व बैंक, जयपुर के क्षेत्रीय निदेशक श्री रणजीव शंकर ने की। कार्यशाला में भारतीय रिजर्व बैंक, जयपुर के अधिकारीगण, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, प्रायोजक बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी तथा राज्य के 119 वित्तीय साक्षरता केन्द्रों के केन्द्र प्रबंधक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य वित्तीय साक्षरता केन्द्रों की कार्यक्षमता को सुदृढ़ करना तथा राज्य में समावेशी एवं सुरक्षित बैंकिंग व्यवहार को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम का उद्देश्य वित्तीय साक्षरता केन्द्रों की कार्यक्षमता को सुदृढ़ करना तथा राज्य में समावेशी एवं सुरक्षित बैंकिंग



व्यवहार को बढ़ावा देना रहा। अपने उद्घाटन संबोधन में क्षेत्रीय निदेशक रणजीव शंकर ने राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन रणनीति 2025-30 के अंतर्गत वित्तीय सुरक्षा, वित्तीय लचीलापन एवं वित्तीय अनुशासन पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि वित्तीय साक्षरता का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं, बल्कि उसे सकारात्मक वित्तीय व्यवहार में परिवर्तित करना है।

कार्यशाला के दौरान सीएफएल, मूल्यांकन रूपरेखा, सीएफएल परियोजना की अब तक की प्रगति, साइबर सुरक्षा, प्रभावी संप्रेषण, शिकायत निवारण प्रणाली, निष्क्रिय खातों का पुनः-केवाईसी तथा दावारहित जमा जैसी महत्वपूर्ण विषय-वस्तुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी हितधारकों ने राज्य में वित्तीय साक्षरता एवं वित्तीय समावेशन को और अधिक सशक्त बनाने का सामूहिक संकल्प व्यक्त किया।

## जयकारों के साथ निकली भव्य निशान यात्रा



हमारा समाचार

**निवाई।** राधा महिला मंडल के तत्वावधान में भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। निशान यात्रा का शुभारंभ झिलाय रोड पर स्थित चिंताहरण गणेश जी मंदिर से विधि-विधान से पूजा-अर्चना करके किया। मंडल अध्यक्ष सरोज अग्रवाल ने बताया कि यात्रा चिंताहरण गणेश मंदिर से रवाना होकर इंदिरा विस्तार कॉलोनी होते हुए श्याम मंदिर पहुँची। यात्रा के दौरान बाबा श्याम का मनमोहक दरबार सजाया गया। यात्रा में 101 निशान थामे श्याम भक्त भजनों पर नाचते गाते एवं पुष्प वर्षा करते हुए चल रहे थे। इस दौरान भक्तों ने रंग-गुलाल उडाते हुए फूलों की होली खेली। जिससे पूरा वातावरण श्याममय हो गया। जय श्री श्याम के जयकारों से आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो गया। निशान यात्रा के श्याम मंदिर पहुँचने पर श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष रवि अग्रवाल के सानिध्य में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। भक्तों ने बाबा श्याम के चरणों में निशान अर्पित किए। जिसके बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर नीलम जैन, शिप्रा जैन, भावना खंडेलवाल, ललिता अग्रवाल, रेनू, रश्मि, इंदु, संजू, कंचन, संतोष, नीलम, ममता, रेखा, सुशीला, अंजू, लक्ष्मी, वंदना व शीलू सहित सैकड़ों श्याम भक्त मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि शनिवार को श्याम मंदिर में 1 से 4 बजे तक फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार कर संकीर्तन किया जाएगा।

## विशाल शर्मा आमेर तहसील प्रभारी बने



हमारा समाचार

**जोरपुरा ।** सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने जोरपुरा सुंदरियावास निवासी विशाल शर्मा को सर्व ब्राह्मण महासभा आमेर तहसील प्रभारी पद पर मनोनीत किया है विशाल शर्मा के आमेर तहसील प्रभारी बनने पर विप्र बंधुओ ने शुभकामनाएं प्रेषित की एवं जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा का आभार व्यक्त किया।विशाल शर्मा के आमेर तहसील प्रभारी शुभकामनाएं प्रेषित की एवं जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा का आभार व्यक्त किया।

# डेयरी मंत्री ने ली जिला दुग्ध संघों की बैठक

हमारा समाचार

**जयपुर।** गोपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में शुक्रवार को राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (आरसीडीएफ) से संबद्ध जिला दुग्ध संघों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 में की गई बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में हनुमानगढ़, सीकर, जोधपुर, जैसलमेर, पाली, उदयपुर, भरतपुर, चूरू, कोटा तथा अलवर जिला दुग्ध संघ के अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी संघों द्वारा अपने-अपने जिलों से संबंधित परियोजनाओं की प्रगति, स्वीकृत राशि, तकनीकी स्वीकृति एवं क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में समित शर्मा, सचिव,



पशुपालन एवं गोपालन विभाग के सचिव समित शर्मा तथा आरसीडीएफ की प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज द्वारा बजट घोषणाओं की प्रगति पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस दौरान राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष मीनेश शाह तथा वित्त विभाग के संयुक्त सचिव भारती दीक्षित विशेष रूप से उपस्थित रहे।


बैठक में राज्य सरकार द्वारा राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड को 1000 करोड़ रूपये से बढ़ाकर 2000 करोड़ रूपये किए जाने के निर्णय पर विशेष चर्चा की गई। इस महत्वपूर्ण वृद्धि के लिए सभी जिला दुग्ध संघों के अध्यक्षों द्वारा राज्य सरकार एवं मंत्री जोराराम कुमावत का आभार व्यक्त किया गया। बजट घोषणाओं के अनुमानों के संबंध में यह अवगत कराया गया कि कुछ परियोजनाओं में एनडीडीबी द्वारा तैयार किए गए अनुमान, बजट घोषणा में स्वीकृत राशि से अधिक हैं। इस पर यह सहमति बनी कि जिला दुग्ध संघों से संबंधित परियोजनाओं के लिए तकनीकी अनुमान एनडीडीबी द्वारा तैयार किए जाएंगे।

बैठक में सभी जिला दुग्ध संघों द्वारा सर्वसम्मति से एनडीडीबी को परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में चयनित किए जाने का अनुमोदन किया गया। तथापि यह स्पष्ट किया गया कि यह अनुमोदन प्रारंभिक प्रकृति का होगा, जो कि वित्त विभाग की स्वीकृति के अधीन रहेगा। कुमावत ने राज्य की सहकारी डेयरी संरचना को सुदृढ़ करने एवं बजट घोषणाओं के समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समन्वित प्रयासों पर बल दिया।

# खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री के निर्देश पर घरेलू गैस कालाबाजारी के विरुद्ध प्रदेशव्यापी स्ट्राइक

हमारा समाचार

**जयपुर।** घरेलु एलपीजी के दुरूपयोग, कालाबाजारी, अवैध रिफिलिंग, भण्डारण, व्यावसायिक उपयोग को रोकने एवं मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना का लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुँचाने के लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने बड़ी कार्यवाही की है। खाद्य मंत्री श्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार दिनांक 16 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक प्रदेश भर में दो सप्ताह के विशेष सघन अभियान संचालित किया गया। विभाग द्वारा गठित विशेष प्रवर्तन दलों ने राज्य के सभी जिलों में गैस एजेंसियों, गोदामों, होटल-ढाबों और संदिग्ध ठिकानों पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के साथ दबिश दी। राज्य



भर में कुल 2416 प्रतिष्ठानों और संदिग्ध स्थलों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान अवैध रिफिलिंग और दुरुपयोग के 634 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें 3080 घरेलू एवं व्यावसायिक सिलेंडर जब्त किए गए। गंभीर अनियमितता पाए जाने पर 17 मामलों में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करवाई गई है। शेष प्रकरणों में 'आवश्यक वस्तु अधिनियम' के तहत विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु 3,967 लाभार्थियों का मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन किया गया। श्री गोदारा ने अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग और अवैध रिफिलिंग न केवल आर्थिक अपराध है, बल्कि यह आमजन की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा है।

उन्होंने अधिकारियों को औचक निरीक्षण और विशेष अभियान भविष्य में भी नियमित अंतराल पर जारी रखे जाने हेतु निर्देशित किया। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि घरेलू गैस का अवैध भंडारण या दुरुपयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति या एजेंसी को बख्शा नहीं जाएगा। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि राज्य के प्रत्येक पात्र परिवार को बिना किसी बाधा के पारदर्शी तरीके से सब्सिडी और गैस आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

## तपोभूमि वनखंडी बालाजी के लिए सातवीं पदयात्रा रवाना,पदयात्रा का जगह-जगह किया स्वागत

हमारा समाचार

**टोंक।** जिला मुख्यालय से तपोभूमि वनखंडी बालाजी के लिए सातवीं पदयात्रा फलोदी सवाईमाधोपुर के लिए शुक्रवार को राष्ट्रीय रक्षा संगठन टोंक के तत्वाधान में बैंडबाजों व श्री वनखंडी बालाजी की भव्य झांकी के साथ श्री गोपाल जी के मंदिर से ध्वज पूजन के साथ रवाना हुई, जिसका शहर में जगह-जगह पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। संगठन के शहर अध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया ने बताया कि तपोभूमि वनखंडी बालाजी फलोदी सवाईमाधोपुर के लिए शुक्रवार को पदयात्रा गोपाल जी महाराज के मंदिर से संगठन के जिलाध्यक्ष



महंत सुरेश दुबे के सानिध्य में रवाना हुई, जिसमें भजनों पर भक्तजन महिला-पुरूष नाचते गाते चल रहे थे। शहर के मुख्य स्थानों पर पदयात्रा का पुष्प वर्षा करके पंडित सुरेश दुबेए कंकाली माता मंदिर के पुजारी दुर्गालाल, पंडित पवन सागर का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया। पदयात्रा काफला बाजार, नोशे मियां का पुल, बड़ा कुंआ, सवाई माधोपुर, बड़ के बालाजी होते हुए वनखंडी बालाजी के लिए रवाना हुई। संगठन के जिलाध्यक्ष महंत सुरेश दुबे ने बताया कि उन्होंने बताया कि रात्रि विश्राम बढ़ाया ऑयल मिल उनियारा में होगा। पदयात्रा 28 फरवरी को उनियारा से सोप मार्ग होते हुए शाम को तपोभूमि आश्रम पहुंचेगी। एक मार्च को प्रातः 8.30 बजे फलोदी से भव्य शोभायात्रा प्रारम्भ होगी, जो फिरोजपुरश्री वनखण्डी बालाजी महाराज आश्रम पहुंचेगी। तत्पश्चात ध्वज आरोहण एवं श्री वनखंडी बालाजी महाराज की आरती सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। साथ ही राष्ट्रीय रक्षा संगठन के संरक्षक एवं श्री वनखंडी बालाजी तपोभूमि आश्रम के महंत सत्यप्रकाश एवं टोंक जिलाध्यक्ष एवं श्री गोपालजी महाराज मंदिर के महंत सुरेश दुबे का उद्बोधन होगा। शोभायात्रा में रोहिताश कुमावत, धनराज साहू, प्रदीप पंवार, डॉ. प्रदीप गहलोत, गौरव सोनी, सूरज साहू, जग्गु सोनी, मनमोहन शर्मा, भजनलाल सैनी, शैलेन्द्र शर्मा, डॉ. प्रदीप शर्मा, महेश नवलगडिया, विष्णुदत्त बिंदल, बादल साहू, रोशन शर्मा, सुरेन्द्र गुप्ता, अनिल विजय, शैतान यादव, ओमप्रकाश शर्मा, मोहन सोनी, मनीष बंसल, सुनील आण्डरा, मोहन गुप्ता, सुरेश विजय, बालमुकुंद कुर्मी, शिवराज चौधरी, सत्यनारायण विजय, मिथलेश गर्ग, कैलाश गुप्ता, सौरभ सोनी, कुसुमलता शर्मा, विनोद कंवर, मोना शर्मा, ज्योति सोनी, प्रीति सोनी, कोमल सोनी, अनिता जैन, सुरभी विजय आदि महिला-पुरुष मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अजमेर में 16 हजार 686 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास और लोकार्पण

हमारा समाचार

**टोंक।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अजमेर आएंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री 9 से 14 साल तक की बालिकाओं को एचपीवी टीके की खुराक देकर एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत करेंगे। साथ ही, प्रधानमंत्री केंद्र एवं राज्य सरकार की 16 हजार 686 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ उपस्थित रहेंगे। जिला मुख्यालय पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला परिषद सभागार में प्रातः 9:30 बजे किया जायेगा। इस अवसर पर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों और संगठनों में टोंक जिले में नवचयनित 605 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिये जायेगें। नियुक्ति पत्र पाने वाले इन युवाओं में पटवारी (राजस्व), संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक और संविदा लेखा सहायक (ग्रामीण विकास), पशुधन सहायक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, खनिज, जल संसाधन, कृषि एवं शिक्षा विभाग सहित अन्य नियुक्तियां शामिल हैं।

## अग्रवाल समाज चौरासी युवा परिषद की ब्लॉक निवाई की कार्यकारणी का हुआ गठन

हमारा समाचार

**निवाई।** अग्रवाल समाज चौरासी युवा परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष सुनिल भाणजा के निर्देशानुसार अग्रवाल युवा परिषद ब्लॉक निवाई की कार्यकारणी का विस्तार किया गया। प्रचार मंत्री जितेन्द्र जैन व आकाश जैन ने बताया कि कार्यकारणी में सर्वसम्मति से 31 सदस्यों की नियुक्ति की गई। जिसमें मंत्री के पद पर विनोद राकेश कठमाणा, विमल बगड़ी, राहुल माधोराजपुरा व सुनील बनेठा को नियुक्त किया गया।

### किसानों का उमड़ा जनसैलाब, तकनीक और संस्कृति का महाकुंभ

# जोबनेर में 'रंगीलो किसान मेला' का भव्य आगाज.. डेयरी क्रांति से डिजिटल खेती तक दिखी नई उड़ान!

हमारा समाचार

**जोबनेर।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के परिसर में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, आनंद (गुजरात) तथा एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज, दिल्ली व श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के द्वारा दो दिवसीय 'रंगीलो किसान मेला-किसानों के संग, ग्रामीण समृद्धि के रंग' का भव्य उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेले में पशुपालन, उद्यान विज्ञान, कृषि तकनीक, कृषि मशीनरी एवं नवाचारों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। कृषि मेले में राजस्थानी संस्कृति की झलक भी दिखाई दी, जिसने आयोजन को विशेष रंग प्रदान किया। किसान मेले में किसानों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। किसानों ने खेती-बाड़ी से संबंधित प्रदर्शनी में गहरी रुचि दिखाई। मेले का उद्घाटन गृह राज्य मंत्री (गोपालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य विभाग) जवाहर सिंह बेड़म द्वारा किया गया। उन्होंने आधुनिक दुग्ध उत्पादन तकनीकों, उन्नत नस्लों, संतुलित पशु आहार एवं वैज्ञानिक प्रबंधन अपनाकर आय बढ़ाने पर बल दिया तथा मेले के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला।

कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास और वर्ष 2026 के बजट में घोषित कृषि योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते उपयोग तथा 'नमो ड्रोन दीदी योजना' के माध्यम से महिलाओं को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण देकर सशक्त बनाने की पहल पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में डॉ. मीनेश शाह (चेयरमैन, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) ने डेयरी क्षेत्र में शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचारों की सराहना की तथा सहकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए ऑपरेशन फ्लड की भूमिका बताई, जिसने देश को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत डॉ. सीपी देवानंद, प्रबंधन निदेशक, एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज, दिल्ली ने किया। श्रुति भारद्वाज, राजस्थान सहकारी डेयरी फेडरेशन (सरस) ने सरस से संबंधित उत्पादों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मेले में गुजरात, मध्यप्रदेश, हरियाणा आदि राज्यों से आए किसानों ने सक्रिय भागीदारी की। भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक से विकसित उन्नत नस्लों का प्रदर्शन किया गया। विशेष रूप से गिर, राठी, साहीवाल, हरियाणा, कांकरेज, होल्सटीन फ्रीजियन एवं जर्सी नस्लों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। विजेताओं की घोषणा आज की जाएगी। कुल 60 लाख रुपये तक के पुरस्कार किसानों और पशुपालकों को दिए जाएंगे। मेले में 105 कृषि प्रदर्शनी लगाई गई, जिनमें कृषि मशीनरी एवं पशुपालन से संबंधित विभिन्न यंत्रों की जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों और वैज्ञानिकों के बीच खुला संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें किसानों ने खेती और पशुपालन से जुड़े अपने प्रश्न रखे। वैज्ञानिकों ने सरल एवं व्यावहारिक उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।



### 10वीं-12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाएं हुई सम्मानित, कार्यक्रम ने दी नई दिशा

इसके अतिरिक्त 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों–कल्पना चौधरी, तनीषा कंवर, अभिषेक धाकड़, मनीष गुर्जर, कमलेश एवं भारती सैनी–को एनडीएस मेरिट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। लोकनृत्य, गीत-संगीत एवं पारंपरिक प्रस्तुतियों ने मेले को उत्सव का रूप दे दिया। इस अवसर पर एनडीडीबी की सहायक कंपनियों के प्रबंध निदेशक, दुग्ध संघों के अध्यक्ष, दुग्ध उत्पादक संघों के निदेशक मंडल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक और फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे। डॉ. आरएन शर्मा, निदेशक प्रसार ने बताया कि यह मेला ज्ञान, नवाचार, संस्कृति एवं संवाद का सशक्त संगम बनकर ग्रामीण समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

## जयपुर में सवारियों से भरी बस में अचानक लगी आग:70 यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

हमारा समाचार



**जयपुर।** राजस्थान रोडवेज की चलती बस में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद 70 सवारियों ने बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। मानसरोवर फायर स्टेशन से पहुंची 2 दमकलों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शॉर्ट सर्किट से लगी आग से बस पूरी तरह जलकर कबाड़ में बदल गई। हादसा शुक्रवार दोपहर करीब 2:40 बजे मानसरोवर रीको चौराहे पर हुआ। मानसरोवर फायर स्टेशन के फायरमैन शकुंतला सैनी ने बताया- जयपुर के सिंधीकैम्प से राजस्थान रोडवेज की बस केकड़ी जाने के लिए शुक्रवार दोपहर रवाना हुई थी। रोडवेज बस में केकड़ी जाने के लिए 70 यात्री सवार थे। मानसरोवर रीको चौराहे से सांगानेर की ओर जाते समय अचानक चलती बस में आग लग गई।

**सवारियों को बाहर निकाला**

शकुंतला सैनी ने आगे बताया- धुआं निकलने के साथ ही आग की लपटें चलती बस से उठती दिखाई दीं। ड्राइवर ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोका। बस में सवार सभी सवारियों को जैसे-तैसे बाहर निकाला गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। शॉर्ट सर्किट से लगी आग वायर से होते हुए इंजन तक पहुंच गई। रोडवेज बस में आग लगने की सूचना पर फायर स्टेशन से 2 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायर ब्रिगेड स्टाफ ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से रोडवेज बस जलकर पूरी तरह कबाड़ में बदल गई। हादसे में किसी व्यक्ति के झुलसने या चोटिल होने की बात से इनकार किया गया है।

## 3.80 लाख रुपए की रिश्वत लेते भू-अभिलेख निरीक्षक गिरफ्तार




हमारा समाचार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जयपुर पश्चिम वृत्त के भू-अभिलेख निरीक्षक (लैंड रिकॉर्ड इंस्पेक्टर) को शुक्रवार दोपहर अरेस्ट किया है। ACB टीम ने भू-अभिलेख निरीक्षक को 3.80 लाख रुपए रिश्वत लेते पकड़ा है। जमीन तकासमा के एवज में घूसखोर निरीक्षक ने 5 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। एसीबी टीम गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ करने के साथ ही ऑफिस और घर पर सर्च कर रही है। डीजी (एसीबी) गोविन्द गुप्ता ने बताया- वृत्त जयपुर पश्चिम के भू-अभिलेख निरीक्षक अनिल कुमार को अरेस्ट किया गया है। एसीबी को परिवादी ने शिकायत दी कि उसकी पुश्तैनी जमीन के तकासमा करवाना था। तकाजमा काम को किए जाने के एवज में भू-अभिलेख निरीक्षक अनिल की ओर से रिश्वत देने का दबाव बनाया गया। आरोपी भू-अभिलेख निरीक्षक की ओर से 5 लाख रुपए की रिश्वत की डिमांड की गई। एसीबी की ओर से घूस को लेकर सत्यापन करवाया गया। वेरिफिकेशन के दौरान परिवादी को 20 हजार रुपए लेकर भेजा गया। रिश्वत के 20 हजार रुपए लेकर आरोपी निरीक्षक अनिल से 4 लाख रुपए में तकासमा करवाने का सौदा तय हुआ। जिसमें 1 लाख रुपए खुद के लिए और 3 लाख रुपए उपखण्ड अधिकारी जयपुर-प्रथम के लिए मांगना बताया। एसीबी की ओर से वेरिफिकेशन (सत्यापन) के बाद ट्रेप का आयोजन किया गया। एसीबी टीम ने शुक्रवार दोपहर रिश्वत के 3.80 लाख रुपए लेते आरोपी भू-अभिलेख निरीक्षक अनिल कुमार को रंगे हाथों धर-दबोचा लिया गया।

### बिना भू-उपयोग परिवर्तन और स्वीकृत मानचित्र के प्लॉटिंग के गंभीर आरोप

# बजरंग वाटिका-ए में 'सारे 2 नंबर के काम'.. जेडीए जोन-12 में सामने आया 'नया बवाल'!

### सिरसी रोड के समीप निमेड़ा में महर्षि अरविंद यूनिवर्सिटी के सामने विकसित हो रही अवैध कॉलोनी

हमारा समाचार

**जयपुर।** राजधानी के सिरसी रोड क्षेत्र में एक बार फिर अवैध कॉलोनी बसाने का मामला सामने आया है। निमेड़ा क्षेत्र में बजरंग वाटिका-ए नाम से विकसित की जा रही कॉलोनी को लेकर स्थानीय लोगों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। यह कॉलोनी जेडीए जोन-12 में महर्षि अरविंद यूनिवर्सिटी के सामने विकसित की जा रही है। सूत्रों के अनुसार बिना वैध स्वीकृति, बिना भू-उपयोग परिवर्तन और बिना अनुमोदित लेआउट प्लान के प्लॉटिंग कर बेचान की प्रक्रिया चल रही है। क्षेत्र में तेजी से हो रहे अवैध निर्माण कार्य ने आसपास के ग्रामीणों और निवासियों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि जिस भूमि पर कॉलोनी विकसित की जा रही है, वह पूर्व में कृषि उपयोग में थी। नियमानुसार किसी भी कृषि भूमि को आवासीय कॉलोनी में परिवर्तित करने से पहले भू-उपयोग परिवर्तन की विधिवत स्वीकृति आवश्यक होती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बिना नियमन कॉलोनी बसती रही तो भविष्य में बिजली, पानी, सडक़, सीवरेज और पट्टा जारी करने जैसे मामलों में भारी विवाद खड़ा हो सकता है। पहले भी जयपुर में कई ऐसी कॉलोनियां सामने आ चुकी हैं जहां बाद में जेडीए और नगर निगम को नियमितीकरण की लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। निमेड़ा क्षेत्र में मौके पर निर्माण गतिविधियां जारी होने की बात सामने आई है। स्थानीय लोगों का दावा है कि प्लॉट काटकर बाउंड्रीवाल और प्रारंभिक निर्माण कार्य शुरू कर दिए गए हैं।

ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि जेडीए जोन-12 के अधिकारी मौके पर निरीक्षण कर स्पष्ट करें कि कॉलोनी को वैध स्वीकृति मिली है या नहीं। अब तक प्रशासन की ओर से कोई सार्वजनिक बयान या कार्रवाई सामने नहीं आई है। यही चुप्पी सवाल खड़े कर रही है। जानकारी के अनुसार यदि अनियमित कॉलोनियों को प्रारंभिक चरण में नहीं रोका गया तो आगे चलकर यह न सिर्फ शहरी अव्यवस्था बल्कि कानूनी विवादों का कारण बनती हैं। अक्सर ऐसे मामलों में खरीददार वर्षों तक मूलभूत सुविधाओं और वैधानिक मान्यता के लिए संघर्ष करते हैं। ऐसे में समय रहते कार्रवाई न होने पर जिम्मेदारी तय करना भी चुनौती बन जाता है। स्थानीय ग्रामीणों और नागरिकों ने संबंधित विभाग से लिखित शिकायत कर तत्काल जांच और अवैध निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द हस्तक्षेप नहीं किया तो मामला बड़े स्तर पर विरोध और आंदोलन का रूप ले सकता है।



### कृषि भूमि पर धड़ल्ले से अवैध प्लॉटिंग, खुली मिलीभगत पर स्थानीय जनता आक्रोशित

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन की ओर से स्थिति स्पष्ट न किए जाने से संशय और असंतोष दोनों बढ़ रहे हैं। उनका मानना है कि समय रहते पारदर्शी जांच और तथ्य सार्वजनिक नहीं किए गए तो मामला कानूनी विवाद, विरोध और जनआक्रोश का रूप ले सकता है। अब आवश्यकता है कि संबंधित विभाग खुले रूप से स्थिति स्पष्ट करे और यदि अनियमितता पाई जाए तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की शहरी अव्यवस्था और नागरिकों को होने वाली परेशानी से बचा जा सके। दरअसल, किसी भी कृषि भूमि पर आवासीय कॉलोनी बसाने से पहले भू-उपयोग परिवर्तन की विधिवत स्वीकृति लेना अनिवार्य होता है। इसके बाद संबंधित प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र, आंतरिक सडक़, नाली, जल निकासी, विद्युत व्यवस्था और सार्वजनिक सुविधाओं का प्रावधान सुनिश्चित किया जाता है।

### जेडीए को देना होगा सवालों का जवाब, नहीं तो उठते रहेंगे गंभीर सवाल

सिरसी रोड के निमेड़ा क्षेत्र में विकसित की जा रही इस बजरंग वाटिका-ए कॉलोनी को लेकर स्थिति अब सामान्य विवाद से आगे बढक़र प्रशासनिक जवाबदेही के प्रश्न तक पहुंच गई है। क्षेत्र में प्लॉटिंग और निर्माण गतिविधियां जारी रहने के बीच तीन बड़े सवाल खड़े हो गए हैं, जिनका स्पष्ट उत्तर मिलना आवश्यक है। पहला प्रश्न–क्या बिना वैध स्वीकृति और आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा किए कॉलोनी बसाई जा रही है? यदि ऐसा है तो यह न केवल नियमन का उल्लंघन है, बल्कि भविष्य में यहां बसने वाले लोगों के लिए गंभीर कानूनी संकट खड़ा कर सकता है। दूसरा प्रश्न–क्या संबंधित विभागों को इस गतिविधि की जानकारी नहीं है? यदि जानकारी नहीं है तो यह निगरानी तंत्र की गंभीर कमजोरी को दर्शाता है। राजधानी क्षेत्र में इतने बड़े स्तर पर निर्माण गतिविधि का चलना और अधिकारियों तक सूचना न पहुंचना अपने आप में सवाल खड़े करता है।

# वसुंधरा राजे का बयान: 'समाज पुरुष प्रधान क्यों, महिला प्रधान क्यों नहीं?

हमारा समाचार

**जयपुर।** पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कहा है कि मुझे यह सुनना कभी भी अच्छा नहीं लगा कि हमारा समाज पुरुष प्रधान है। पुरुष को जन्म देने वाली तो नारी ही है। मेरे मन में सदा एक ही सवाल तैरता है कि पुरुष प्रधान समाज ही क्यों? महिला प्रधान समाज क्यों नहीं? इसीलिए मैंने 2008 में भामाशाह नारी सशक्तिकरण योजना शुरू कर महिलाओं को परिवार का मुखिया बनाया। ताकि हमारा समाज पुरुष प्रधान नहीं महिला प्रधान बन सके। वसुंधरा राजे शुक्रवार को जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित कॉन्फिडरेशन ऑफ विमेन इंटरप्रेन्योर्स ऑफ इंडिया के राजस्थान चैप्टर की ओर से दो दिवसीय 'विमेंस इंटरनेशनल समिट ऑन एंटरप्रेन्योरशिप (वाईज) 2026' में बोल रही थीं। वसुंधरा राजे ने कहा- महिलाओं को पुरुषों के बराबर खड़ा करने के लिए ही पंचायत राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। उस समय लोग इसके खिलाफ थे। अलग नजर से देखते थे।



बोलते थे कि यह कैसे करेंगी, ये तो घूंघट में हैं। साइन नहीं कर सकती। आप उसके पांच साल बाद का नजारा देखिए, वे महिलाएं अच्छे से हस्ताक्षर कर रही थीं। पुरुष चाय बना रहे थे। उन्होंने कहा कि जो भी महिलाएं आज बेहतर मुकाम तक पहुंची है, वे जानती है कि उस मंजिल को पाने के लिए उन्हें कितना परिश्रम करना पड़ा। कितना धैर्य रखना पड़ा। महिलाओं को उन्नति की ऊंचाइयां पाने के लिए 3 गुना समय देना पड़ता है। पुरुषों के मुकाबले 3 गुना मेहनत करनी पड़ती है। तब जाकर महिलाओं को सफलता मिलती है। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कहा- लखपति दीदी सिर्फ योजनाओं की ही सहभागी नहीं है। वे देश के लिए परिवर्तनकारी भी है। लखपति दीदी ने यह कर दिखाया है कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े परिवर्तन की नींव बन सकते हैं। महिलाएं ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत बना रही हैं। महिलाएं डिजिटल और ढ्ढ के क्षेत्र में भी भविष्य की अर्थव्यवस्था गढ़ रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लखपति दीदी, दीनदयाल अंत्योदय, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्टैंड अप इंडिया और प्रधानमंत्री मुद्रा जैसी योजनाएं महिलाओं को उद्यमिता और वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में आगे बढ़ा रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे COWE एक्सीलेंस अवॉर्ड्स' समारोह में महिला उद्यमियों को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया। राजस्थान की फाउंडर प्रेसिडेंट निधि तोशनीवाल ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य एंटरप्रेन्योरशिप के माध्यम से महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना, प्रेरित करना और उनके उद्यमिता सफर में सार्थक नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करना है। इन दो दिनों के दौरान उद्यमियों, स्टार्ट-अप ईकोसिस्टम पार्टनर्स और उभरती महिला उद्यमियों को पैनल स्पीकर्स और इंडस्ट्री के लीडर्स से सीधा संवाद करने और नेटवर्क स्थापित करने के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में पूरे भारत से महिला एंटरप्रेन्योर, नेशनल कमिटी और चैप्टर कमिटी के सदस्य शामिल हुईं। समिट के पहले दिन उद्घाटन सत्र आयोजित हुआ, जिसके बाद सेशंस की शुरुआत हुई। पहले दिन के सेशंस 'अनलॉकिंग कैपिटल-फाइनेंसिंग स्कैलेबल एंड इम्पैक्ट-ड्रिवन एंटरप्राइजेज'; 'एआई और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन- क्राफ्टिंग फ्यूचर -रेडी बिजनेस'; और 'लीडिंग विद इम्पैक्ट- बिल्डिंग रेजिलिएंट ऑर्गेनाइजेशन' विषय पर आयोजित हुए। उल्लेखनीय है कि इंडिया एक गैर-लाभकारी संगठन है, जिसकी स्थापना वर्ष 2004 में हैदराबाद में की गई थी। यह एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम (ईडीपी), टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, एडवोकेसी, मेंटरिंग और इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना जैसी पहलों के माध्यम से उद्यमशील वातावरण को प्रोत्साहित करता है। इसके अतिरिक्त, यह संगठन पिछले दो दशकों से बैंकों और एंजेल निवेशकों के साथ वित्तीय संपर्क स्थापित कराने में सहायता करने और विभिन्न सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में उत्प्रेरक की भूमिका निभाता आ रहा है।

रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर सेंटर रूल्स 1956 के अनुसार

**हमारा समाचार दैनिक**

**समाचार पत्र के स्वामित्व व अन्य विवरण का ब्यौरा**

प्रपत्र- 4 (देखिए नियम-8 )

हमारा समाचार दैनिक के स्वामित्व व विवरण और अन्य विशिष्ट जानकारियों का प्रकाशन प्रतिवर्ष की भांति किया जा रहा है।

1. प्रकाशन का स्थान : जयपुर
2. प्रकाशन की नियतकालिकता : दैनिक
3. मुद्रक का नाम : रामनिवास मंडोलिया
   राष्ट्रीयता : भारतीय
   मुद्रण स्थल : डी.बी. कॉर्प लि. भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस शिवदासपुरा टोंक रोड, जयपुर
4. प्रकाशक का नाम : रामनिवास मंडोलिया
   राष्ट्रीयता : भारतीय
   पता : 84 मंडोलियों की ढ़ाणी जोबनेर रोड़ कालवाड़ जयपुर

6. नाम व पते उन व्यक्तियों के जो समाचार पत्र का स्वामित्व रखते हैं। और उनका जो कुलपूंजी के एक प्रतिशत से अधिक हिस्से के अंशधारी या साझेदार हैं–

एकल स्वामित्व, रामनिवास मंडोलिया

मैं रामनिवास मंडोलिया एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि उपरोक्त दी गई समस्त प्रविष्टियां मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य हैं।

स्थान : जयपुर

दिनांक : 27 फरवरी 2026

रामनिवास मंडोलिया

ह. प्रकाशक

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रामनिवास मंडोलिया के लिए डी.बी. कॉर्प लि. भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, शिवदासपुरा टोंक रोड, जयपुर राज. से मुद्रित एवं 84 मंडोलियों की ढ़ाणी जोबनेर रोड़ कालवाड़ जयपुर, (राज.) से प्रकाशित, संपादक रामनिवास मंडोलिया मो.- 9461162346, सिटी कार्यालय: 42, कोस्मो कॉलोनी, विनायक रजीडेन्सी, वैशाली नगर, जयपुर।